संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 11 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 69 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजमगढ़ में जनता को संबोधित करते हुए।

### आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।"
भागवद्

### मन की बात



"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।"
स्वामी विवेकानंद

## विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करें किसानः योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुशीनगरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत 2236 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए प्रदेश के किसानों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान करें। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में मेधा और उर्वरता की कमी नहीं रही है, किंतु तकनीकी और प्रौद्योगिकी न मिलने के कारण जनपद से पलायन हुआ। कृषि विश्वविद्यालय और गन्ना बीज अनुसंधान कॉलेज किसानों की आमदनी दस गुना बढ़ाने का कार्य करेगा।

# 'विकास पथ पर बढ़ रहा आजमगढ़'

## पीएम ने 34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**अध्याय**

8 पिछड़ा माने जाने वाला आजमगढ़ आज विकास के कई नए अध्याय लिख रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़ः** आजमगढ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मंदुरी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 34,700 करोड़ रुपये मूल्य की देशभर की 782 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा में कहा कि पिछड़ा माने जाने वाला आजमगढ़ आज विकास के कई नए अध्याय लिख रहा है। आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। आज केवल आजमगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई विकास परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ हो रहा है। जिस आजमगढ़ को पिछडे इलाकों के रूप में गिनते थे वही आज विकास का नया अध्याय लिख रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों की करीब 34,700 करोड़ की 782 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने पूर्वांचल में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि आज यह क्षेत्र जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर उठ रहा है। विकास पर लोगों के इस भरोसे से विपक्ष के इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टीकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ की जनता ने भी दिखा दिया कि परिवार के लोग जहां अपना गढ़ समझते थे, वो भी ढह चुके हैं। विकास परियोजनाओं को राजनीतिक कहने वाले विपक्ष के नेताओं को प्रधानमंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ उनका उद्घाटन भी हुआ है। वहीं इससे पहले केवल घोषणा होती थी। योजनाएं न लागू होती थीं और न ही परियोजनाएं पूरी होती थीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि आज किसानों को मिल रही एमएसपी कई गुना बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल ने दशकों तक जातिवाद व तुष्टीकरण की राजनीति देखी है।

### जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों की विकास ने नींद उड़ा दी हैः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़ः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से देशभर की 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़ा माने जाने वाला आजमगढ़ आज विकास के कई नए अध्याय लिख रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्वांचल में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि आज यह क्षेत्र जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर उठ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास पर लोगों के इस भरोसे से विपक्ष के इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टीकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ की जनता ने भी दिखा दिया कि परिवार के लोग जहां अपना गढ़ समझते थे, वो भी ढह चुके हैं। विकास परियोजनाओं को राजनीतिक कहने वाले विपक्ष के नेताओं को प्रधानमंत्री ने जवाब दिया।






### आज विकास के लिए जाना जा रहा आजमगढ़ः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ की कला को नई पहचान देने के लिए हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को एक जिला, एक उत्पाद के रूप में देश-दुनिया में पहचान दी है।

### पीएम ने वाराणसी में पूर्व जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'अपनी काशी' में प्रवास के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ जाने से पहले बरेका गेस्ट हाउस में पार्टी के पुराने पदाधिकारियों,पूर्व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। पुराने पदाधिकारियों का हालचाल लेने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत और तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भाजपा के काशी क्षेत्र,जिला और महानगर इकाई के पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों की जानकारी लेने के बाद बूथ जीतने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का निर्देश देकर किसी प्रकार के विवादित बयान से बचने को कहा।

# टीएमसी ने सभी 42 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

## टीएमसी ने 42 लोकसभा कैंडिडेट्स की घोषणा कीः क्रिकेटर यूसुफ पठान, शत्रुघ्न सिन्हा और कीर्ति आजाद के नाम; नुसरत जहां-मिमी चक्रवर्ती का टिकट कटा



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में आयोजित जनगर्जन सभा के मंच से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और राज्यसभा से बहिष्कृत सांसद महुआ मोइत्रा का नाम भी शामिल है। आरामबाग की मौजूदा सांसद अपरूपा पोद्दार और बैरकपुर के सांसद अर्जुन सिंह को इस सूची से बाहर रखा गया है। तृणमूल कांग्रेस ने पहली बार किसी सार्वजनिक सभा के मंच से लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। नाम के घोषणा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच से सटे रैंप पर टहलते हुए ब्रिगेड मैदान में मौजूद तृणमूल समर्थकों का अभिवादन किया। तृणमूल ने इस बार अलीपुरद्वार से प्रकाश चिक बड़ाइक, आरामबाग से मिताली बाग, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बरहामपुर से युफूफ पठान, बालुरघाट से बिप्लब मित्रा, बनगांव से विश्वजीत दास, बांकुड़ा से अरूप चक्रवर्ती, बिष्णुपुर से सुजाता खां, बारासात से काकली घोष दस्तीदार, बर्दवान पूर्व से शर्मिला सरकार, बैरकपुर से पार्थ भौमिक, बशीरहाट से हाजी नुरुल इस्लाम, बीरभूम से शताब्दी रॉय, बोलपुर से असित कुमार मल, बर्दवान-दुगार्पुर से कीर्ति आजाद, कूचबिहार से जगदीश चंद्र बसुनिया, दार्जिलिंग से गोपाल लामा, डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी आदि।

**लोकसभा चुनाव**

8 कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में जनगर्जन सभा के मंच से अपने उम्मीदवारों की सूची जारी

# रेलवे ट्रैक पर उतरे किसान, ट्रेनों के पहिए थमे

**विरोध**

8 अपनी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** अपनी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है। किसानों ने रेल रोको आंदोलन का आगाज किया है। उनका कहना है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी रहा। वहीं किसानों ने एलान किया है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया जाएगा। ट्रेनों को रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के पास ही रोका जाएगा। किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है।

किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। वहीं चार घंटे तक चलने वाले आंदोलन के दौरान किसानों ने आम जनता से घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

## कांग्रेस की चुनाव कार्य समिति बैठक में रायबरेली, अमेठी पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राज्य प्रभारी बनाये गये कांग्रेस के महासचिव अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में दो प्रमुख लोकसभा सीटों रायबरेली व अमेठी पर मंथन किया। लोकसभा चुनाव में दमदारी से लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची को फाइनल करने से पहले अविनाश पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश के नेताओं से चर्चा की। बैठक में प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य के रुप में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद पी. एल.पुनिया, विधायक आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, सुप्रिया श्रीनेत्र ने अपनी बातों को रखा।




मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना और वोट के महत्व का संदेश प्रचारित करना है। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने रेत की एक कलाकृति बनाई है, जिसके जरिए उन्होंने युवाओं से मतदान की अपील की है।

# सीएम सुक्खू ने दी 186 करोड़ रुपये की सौगात



**मनीष**

**सोलनः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सोलन विधानसभा क्षेत्र में लोगों को लगभग 186 करोड़ रुपये लागत की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने सात करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र सायरी, 1.19 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग के सायरी स्थित विश्राम गृह, 3.49 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित महोग-मतिमू बशील मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने पुलिस थाना सायरी, 12.17 करोड रुपये के कृषि विभाग के उप-निदेशक कार्यालय भवन व आवासीय परिसर, 1.83 करोड़ रुपये के जाईका के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण केन्द्र, 1.29 करोड़ रुपये लागत के राजस्व सदन सोलन, 1.10 करोड़ रुपये की स्ट्रीट बैंडर मार्केट सपरून और 32 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित औषधि परीक्षण प्रयोगशाला बद्दी का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने 7.37 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले ममलीग से कोट तक मार्ग के स्तरोन्यन, 6.02 करोड़ रुपये लागत के शारड़ाघाट से डवलोग तक मार्ग के स्तरोन्यन, 15.76 करोड रुपये लागत के वाकनाघाट से सुबाथू मार्ग तथा 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले डूमैहर से गंम्बर पुल का शिलान्यास किया। उन्होंने 5.58 करोड़ रुपये लागत के पौघाट से पलाह मार्ग, 7.19 करोड़ रुपये के टिकरी टनांजी मार्ग, 29.30 करोड़ रुपये के सोलन से धरजा मार्ग के स्तरोन्यन कार्य की आधारशिला रखी।

**सोलन विस क्षेत्र**

8 32 करोड़ रुपए से निर्मित औषधि परीक्षण प्रयोगशाला बद्दी जनता को की समर्पित

# भारत और 4 देशों के ईएफटीए के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत और 4 देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र को शामिल किया गया है।केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में भारत-ईएफटीए ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करके दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई थी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।



**सुविधा**

8 सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है

# तमिलनाडु में द्रमुक से कांग्रेस का 10 सीटों पर गठबंधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है। द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं।उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। खड़गे ने तृणमूल के साथ गठबंधन नहीं होने पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है।

## हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद आज वे खड़गे के आवास पर पहुंचे। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का उन्हें अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति रूप से अपरिहार्य कारणों से वे भाजपा से इस्तीफा दे रहे हैं।

**स्वास्थ्य सेवा** देहरा में हिमाचल के सबसे बड़े मेडिकल कैंप में 5312 लोगों को मिली स्वास्थ्य सेवा,जन स्वास्थ्य के 6 साल, हर घर-हर द्वार अस्पतालः अनुराग ठाकुर

# '10 लाख ओपीडी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की ऐतिहासिक उपलब्धि'

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के 10 लाख लाभार्थी पूरा होने पर देहरा में हिमाचल प्रदेश का अब तक का सबसे बड़े मेडिकल कैंप का आयोजन करवाया जिसमें 5312 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अनुराग सिंह ठाकुर ने 10 लाख ओपीडी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए अस्पताल सेवा के माध्यम से जनसेवा के कार्य को निरन्तर आगे चलते रहने की बात कही है। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री सिकंदर कुमार, नीति आयोग के डॉ वीके पॉल जी , गंगाराम अस्पताल से चेयरमैन डॉ डी एस राणा व देश भर से 50 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रही। श्री अनुराग ठाकुर ने डॉ वीके पॉल व गंगाराम अस्पताल से चेयरमैन डॉ डी एस राणा कोक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वास्थ्य सेवा एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित भी किया। अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के 6 वर्ष पूरे होने पर अनुराग सिंह ठाकुर के निजी प्रयास से क्षेत्र के 20 दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग भी निःशुल्क प्रदान किए गए, जो न्यूमैटिक सॉकेट पर आधारित हैं जिनकी कीमत लाखों मे हैं। यह कृत्रिम अंग कार्बन फाइबर से तैयार किए गए हैं, यानी यह पहनने में अधिक हल्के और अधिक आरामदायक होने के साथ-साथ मजबूत और टिकाऊ भी हैं। यह कृत्रिम पैर लगने के बाद, दिव्यांग व्यक्ति चल सकता है, दौड़ सकता है, साइकल चला सकता है, सीढ़ियां चढ़ सकता है व नृत्य भी कर सकता है। प्रदान किए जा रहे कृत्रिम हाथ की मदद से व्यक्ति भोजन बना सकता है, वाहन चला सकता है व समान भी उठा सकता है।

अनुराग ठाकुर ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए मेडिकल हब बनने जा रहा है। बहुत सारे देशो के लोग अपना इलाज कराने भारत आते है।




**मेडिकल कैंप**

8 देहरा में हिमाचल प्रदेश का अब तक का सबसे बड़े मेडिकल कैंप का आयोजन करवाया

# करोड़ों रुपये की जमीन कराई गई कब्जा मुक्त

**कब्जा मुक्त**

**8 गांव तुस्याना के खसरा नंबर 987, 988 और 989 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहीत व कब्जा प्राप्त जमीन है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शनिवार को कालोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तुस्याना व बिसरख गांव में अवैध निर्माण को हटाया। दोनों गांवों में प्राधिकरण की टीम ने 1.60 हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। तुस्याना गांव में मुक्त कराई गई जमीन की कीमत सौ करोड़ रुपये के करीब आंकी गई है। जिस पर भूमाफिया अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रहे थे। अवैध निर्माण पर लगातार खबर प्रकाशित कर रहा है। प्राधिकरण इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई कर रहा है।

**कालोनाइजर काट रहे थे अवैध कॉलोनी:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि तुस्याना गांव में अधिग्रहीत व कब्जा प्राप्त जमीन के साथ कालोनाइजर बिसरख गांव के डूब क्षेत्र की जमीन पर अवैध कॉलोनी काट रहे थे। जिसे ध्वस्त कर दिया गया है। ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव तुस्याना के खसरा नंबर 987, 988 और 989 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहीत व कब्जा प्राप्त जमीन है। कालोनाइजर इस जमीन पर कॉलोनी काट रहे थे। शनिवार को परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के प्रभारी मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल व सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी की टीम प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया। टीम ने करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। पांच जेसीबी और दो डंफर की मदद से कार्रवाई की गई। इसी तरह बिसरख के डूब क्षेत्र में खसरा नंबर एक, दो व तीन की लगभग 1.10 लाख वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में ले लिया है। यह प्राधिकरण की अधिग्रहीत व कब्जा प्राप्त जमीन है। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने क्षेत्र में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। यदि किसी कालोनाइजर से अवैध कॉलोनी में खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कापी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं।

# दिनदहाड़े ई-रिक्शा सवार महिला को सड़क पर घसीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के एक्सटेंशन दो में दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने ई-रिक्शा सवार महिला का हाथ पकड़कर सड़क पर घसीट कर मोबाइल लूट लिया। महिला के बायें घुटने और नाक पर चोट आई है। आरोप है कि पुलिस ने लूट के बजाय बैग से मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे पुलिस की मनमानी उजागर हो रही है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो के सी ब्लॉक के कृष्ण सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी अनीता शनिवार दोपहर करीब सवा एक बजे ई-रिक्शा में बाजार जा रही थीं। ई-रिक्शा में बैठने के दौरान उनके भाई की कॉल आ गई। उन्होंने घर पहुंचकर बात करने को कहकर फोन काट दिया। बैग खोलकर मोबाइल रख रही थीं। तभी पीछे से बाइक पर आए दो बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल लूटने का प्रयास किया, उन्होंने मोबाइल नहीं छोड़ा। बदमाश ने उनका हाथ पकड़कर खींचकर सड़क पर गिराकर घसीट दिया और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। सड़क पर गिरते ही उन्होंने शोर मचाया, आरोप है कि कोई भी उनकी मदद को आगे नहीं आया। बदमाश एक कार से टकराने से बचे, लेकिन तेजी से फरार हो गए। बाइक सवार पर पीछे बैठे बदमाश ने सफेद शर्ट पहनी थी।

हेलमेट नहीं लगाया था। उन्होंने ई-रिक्शा चालक से थाने चलने को कहा तो उसने अनीता को घर छोड़ दिया।

# हिस्ट्रीशीटर को भाईयों ने पीट-पीटकर किया अधमरा, दोनों पक्षों में चले लाठी-डंडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र के गांव सफाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे और फावड़ा चले। मारपीट के दौरान हिस्ट्रीशीटर का सिर फट गया। उनका इलाज एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सफाबाद गांव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। यह विवाद एक ही परिवार के कुछ लोगों के बीच चल रहा है। रविवार शाम दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और खूब



लाठी-डंडे चले। इस विवाद के दौरान एक पक्ष अपने घर से फावड़ा लेकर आ गया और दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, विवाद के दौरान दो लोगों को काफी गंभीर चोट लगी है। जिनमें से एक कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है की जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने निकलकर आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों की ओर से मिली शिकायत पर जांच की जा रही है।

# सीडीटीआइ गाजियाबाद की वेबसाइट हुई तैयार, जल्द होगी लॉन्चिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** कमला नेहरु नगर स्थित केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की वेबसाइट तैयार कराई गई है। अभी तक ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डवलपमेंट की वेबसाइट के जरिए ही सीडीटीआइ की जानकारी मिलती थी। एक जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। जिससे ज्यादा लोगों तक नए कानून की जानकारी पहुंच सके। वेबसाइट लॉन्चिंग 12 मार्च को प्रस्तावित है। सीडीटीआइ गाजियाबाद की वेबसाइट पर इन दिनों डाटा अपलोड करने का काम चल रहा है। सालभर का ट्रेनिंग और कोर्स कैलेंडर भी अपलोड किया जा रहा है। प्रशिक्षण संस्थान में बीते दो महीने से सर्वाधिक जोर नए आपराधिक कानून की जानकारी देने पर है। निदेशक सचिन गुप्ता का कहना है कि वेबसाइट तैयार होने के बाद पूरे वर्ष का प्रशिक्षण कलैंडर आनलाइन उपलब्ध होगा।

# नोएडा के शख्स से 88.09 लाख की ठगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** शेयर मार्केट में निवेश के लिए ऐप डाउनलोड कराकर 88.09 लाख रुपये की ठगी कर ली। यही नहीं जालसाजों ने सेबी से जुमार्ना लगाने की धमकी देकर 6.5 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-75 स्थित गोल्फ सिटी सोसाइटी के हरिकुमार वंगापल्ली ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि जनवरी 2024 में उन्हें प्राफिटेबल पोर्टफोलियो पंडित वॉट्सऐप ग्रुप से एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करने के बाद ग्रुप एडमिन एरिका और फूया के प्रबंधक ने स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के उद्देश्य से एक ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद अपने बैंक खाते से कुल 28 बार में 81,59,434 रुपये ट्रांसफर कर दिए। ऐप कुछ समय बाद ऐप पर धीरे-धीरे लाभ भी दिखाई देने लगा। कुल लाभ 65,55,434 रुपये दिखाई देने लगे। निवेश की धनराशि मिलाकर कुल राशि 1,43,57,841 रुपये हो गई।

**जांच शुरू**

**8 पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पीड़ित ने जब भी धनराशि निकालने के लिए कहा तो जालसाजों ने उनसे मना कर दिया। आरोप है कि 29 जनवरी 2024 को जालसाजों ने फूया का खाता फ्रीज कर दिया। पूछने पर कहा कि सेबी ने कुछ जुमार्ना भरने के लिए कहा है। इसके बाद ऐप पर कोई राशि नहीं दिखाई दे रही थी। अब आरोपितों ने कहा कि वह मुनाफे की 10 प्रतिशत राशि यानी 6.55 लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित ने धनराशि निकालने के लिए साढ़े छह लाख रुपये भी जमा करा दिए। इसके बाद जालसाजों ने कुल धनराशि का 10 प्रतिशत यानी 14.5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। उसके बाद ही भुगतान करने के लिए कहा रहे हैं। अन्यथा खाता फ्रीज करने की धमकी दे रहे हैं।

# मोबाइल पर बात करते-करते ट्रेन के सामने कूदी युवती

**गाजियाबाद।** डायमंड आरओबी के पास रेलवे ट्रैक पर शनिवार दोपहर मिले युवती के शव मामले में पीड़ित स्वजन ने आरोप लगाया है कि घटना के समय युवती काफी देर से मोबाइल पर बात कर रही थी। बात करने के दौरान ही अचानक वह तेज गति से आ रही ट्रेन के आगे कूद गई। स्वजन का आरोप है कि उसे किसी ने मोबाइल पर बात करते हुए आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। शनिवार देर रात पुलिस ने कविनगर थाने में युवती प्रिया के पिता कमल सिंह की शिकायत पर अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

# च्यवनप्राश की जगह ले जा रहे थे 35 लाख की शराब, जीएसटी विभाग ने पकड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा**

जीएसटी विभाग ने जांच के दौरान एक ट्रक से 35 लाख रुपए की शराब और बीयर को जब्त किया है। आरोपित च्यवनप्राश व अन्य उत्पाद की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे। राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड दो विवेक आर्या ने बताया की अपर आयुक्त गौतमबुद्ध नगर चांदनी शर्मा के निर्देश पर माल वाहक वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों तड़के सुबह नोएडा जोन जीएसटी की सचल दल इकाई द्वारा ग्रेटर नोएडा में केएमपी एक्सप्रेस वे के



सिरसा कट के पास वाहनों की जांच के दौरान वाहन संख्या वढ 13 उळ 4925 को रोका गया। प्रस्तुत प्रपत्रों के अनुसार गाड़ी में एक कंपनी के च्यवनप्राश एवं अन्य उत्पादों को जालंधर से कटनी भेजा जा रहा था। प्रपत्रों में अनियमितता पाए जाने पर वाहन को डिटेन कर कार्यालय लाया गया। दूरभाष पर पूछताछ करने पर भेजने व पाने वाले व्यापारियों ने माल के स्वामित्व व प्राप्ति से इन्कार किया।

**जब्त**

**8 जीएसटी विभाग ने जांच के दौरान एक ट्रक से 35 लाख रुपए की शराब और बीयर को जब्त किया है**

**बीयर की 17640 बोतलें बरामद**
संदेह होने पर वाहन की जांच की गई जिसमें नामी कंपनी के उत्पाद के स्थान पर आईएमएफएल और बीयर की पेटियां दिखीं। तुरंत आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया जिनके समक्ष वाहन की जांच की गई तो पूरे वाहन में 653 पेटी शराब व बीयर पाई गई। कुल 6090.96 लीटर आईएमएफएल और बीयर की 17640 बोतलें पाई गई जिनकी अनुमानित कीमत रु 35.00 लाख बताई गई है। बरामद शराब व बीयर को वाहन सहित आबकारी विभाग की सुपुर्द कर दिया गया। राज्य कर विभाग के जांच दल में सहायक आयुक्त सुजीत सिंह, अजय कुमार एवं प्रवीण सिंह शामिल थे। जांच कार्य का नियंत्रण एवं संचालन संयुक्त आयुक्त योगेश विजय ने किया।

# सह न सका ससुराल वालों का सितमः दो सगी बहनें बारी-बारी बनीं घरवाली, फिर किया प्रताड़ित

**टीम एक्शवन इंडिया**
**पलवलः** पत्नी के परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी ससुराल वाले युवक पर पिता की जमीन बेचने का दबाव बना रहे थे तथा उसकी पत्नी को नहीं भेज रहे थे। आरोपी मृतक के परिवार को झूठे केस फंसाने की भी धमकी दे रहे थे, जिससे आहत होकर शनिवार रात को उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। रविवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर पत्नी सहित छह नामजद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मलखान सिंह के अनुसार गांव फिरोजपुर निवासी संतराम ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जमींदारी करता है। उसके हिस्से में चार एकड़ जमीन आती है। मलेरना रोड निवासी मनोज साजिश के तहत उसके बेटे हरीमोहन की शादी 22




अप्रैल 2021 को दिल्ली के बदरपुर स्थित मोरबंद एक्सटेंशन निवासी प्रिया से करा दी। इस साजिश में प्रिया का पिता हाकिम सिंह, मां मंजू, भाई पीयूष व बहन चेलसी भी शामिल थी। शादी के कुछ दिन बाद ही प्रिया घर से जेवरात लेकर लापता हो गई। काफी तलाश करने पर भी प्रिया का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। मामले की सूचना उसके परिजनों को दी गई। उन्हें पता चला कि शादी से पहले ही प्रिया के किसी युवक के साथ अवैध संबंध चल रहे थे और वह उसी के घर चली गई है। प्रिया के परिजन उसे अपने घर दिल्ली ले आए। उसके बाद आरोपियों ने उसके बेटे हरीमोहन पर दबाव बनाया और प्रिया से तलाक हुए बिना ही उसकी बहन चेलसी के साथ बल्लभगढ़ में हरीमोहन की शादी करा दी। शादी के बाद कुछ दिन चेलसी उनके घर रही। उसके बाद चेलसी भी अपने मायके चली गई और वापस नहीं आई। हरी मोहन उसे लेने गया तो ससुरालवालों ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। हरीमोहन ने उस समय आत्महत्या का प्रयास किया, परंतु वह इलाज के दौरान बच गया। हरीमोहन ने मामले की शिकायत पुलिस को भी दी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने कहा कि पहले प्रिया को तलाक दे दो। बीती चार मार्च को हरीमोहन ने प्रिया को तलाक दे दिया, परंतु फिर भी चेलसी को नहीं भेजा।

# मां के पास सो रहा था दो साल का मासूम, आंख खुली तो मिला गायब, अगवा करने की आशंका

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में गुलधर स्टेशन के पास झुग्गी में रहने वाली महिला मालती के दो महीने के मासूम का अपहरण करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार तड़के करीब करीब तीन बजे की बताई जा रही है। महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। बच्चे के अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस मेरठ रोड और गुलधर स्टेशन के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख रही है। मूल रुप से बाराबांकी के टिकैत नगर सबड़ा निवासी दिनेश पुत्र बुद्धू के मुताबिक उनके भाई दिलावर की आठ महीने पहले मृत्यु हो गई थी। स्वजन गुलधर स्टेशन के पीछे झुग्गी में रहता है। दिलावर की पत्नी मालती दो बेटे एवं दो बेटी के साथ रहती है। भरण पोषण के लिए मालती स्क्रब बेचती है। शनिवार को मालती बच्चों के साथ सोई थी। तड़के करीब तीन बजे मालती की आंख खुली तो दो महीने का बेटा उसके पास नहीं था। स्वजन ने काफी तलाश किया, लेकिन बच्चे का पता नहीं चल पाया।


## एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


हरियाणा सरकार



"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"

– नरेन्द्र मोदी

# विकसित भारत, विकसित हरियाणा



## प्रधानमंत्री
## श्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा

**शामली- अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग**
(121 किलोमीटर, लागत ₹4,890 करोड़)

**भिवानी- हांसी राष्ट्रीय राजमार्ग**
(43 किलोमीटर, लागत ₹1,330 करोड़)

का

## शिलान्यास
तथा
## द्वारका एक्सप्रेस-वे
(हरियाणा खंड में 19 किमी, कुल लागत लगभग ₹10,000 करोड़)

## का शुभारंभ

**11 मार्च, 2024 | प्रातः 11:00 बजे | गुरुग्राम**

**आप सादर आमंत्रित हैं**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# बोरवेल में गिरे शख्स की नहीं बच सकी जान

## दिल्ली की मंत्री आतिशी ने इसकी जानकारी दी, व्यक्ति रात में एक बजे बोरवेल में गिर गया था, उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही

**हादसा**

**8 वे बोरेवेल के कमरे में कैसे घुसे, बोरेवेल के अंदर कैसे गिरे, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 40 फीट बोरवेल में गिरे शख्स की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने उसे मृत पाया था। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने इसकी जानकारी दी है। व्यक्ति रात में एक बजे बोरवेल में गिर गया था। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है।

**मामले की पुलिस करेगी जांच:** आतिशी ने सोशल साइट एक्स पर लिखा, बहुत दुख के साथ यह खबर साझा कर रही हूं कि जो पुरुष बोरवेल में गिरे थे, उन्हें रेस्क्यू टीम ने मृत पाया है। ईश्वर अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दें। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष थी। वे बोरेवेल के कमरे में कैसे घुसे, बोरेवेल के अंदर कैसे गिरे, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जाएगी। मैं टीम का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने कई घंटों से रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव प्रयास किया।

**रात में गिरा था शख्स:** शख्स रात में लगभग एक बजे बोरवेल में गिर गया था। बोरवेल के आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से बंद था। रात में विकासपुरी पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया कि केशोपुर (दिल्ली) जल बोर्ड कार्यालय में एक व्यक्ति बोरवेल में गिर गया है। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन (बचाव अभियान) चलाया गया। लगभग 14 घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन वह मृत था।

**'जबरदस्ती प्लांट में घुसने का किया गया प्रयास':** उससे पहले उन्होंने पोस्ट कर लिखा था, बोरवेल एक तालाबंद बंद कमरे में था। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि यहां जबरदस्ती ताला तोड़ घुसने का प्रयास किया गया था। पुलिस इसकी जांच करेगी। ऐसे मामले दोबारा सामने न आएं, इसे लेकर जल बोर्ड को सख्त आदेश दिए हैं कि दिल्ली में बंद पड़े सभी प्राइवेट-सरकारी बोरबेल को 48 घंटे के अंदर वेल्डिंग कर सील किया जाए और मुझे इसकी रिपोर्ट सौंपी जाए। इसके अलावा आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

### 'एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड ) के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से एक शख्स की मौत हो गई है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने इसकी सूचना दी। लगभग 14 घंटे बाद शख्स को निकाला गया था, जो मृत मिला था। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जाएगी। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। वहीं घटना पर दिल्ली मेट्रो का बयान सामने आया है। डीएमआरसी के मुख्य कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने एक बयान में कहा- आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है, जहां दिल्ली मेट्रो निर्माण स्थल के पास केशोपुर में एक व्यक्ति बोरवेल में गिर गया था। डीएमआरसी बताना चाहेगी कि डीएमआरसी ने यह बोरवेल नहीं बनाया और न ही इसने इसका कोई उपयोग किया। जिस पंप रूम के अंदर यह बोरवेल स्थित था, वह दिल्ली जल बोर्ड का है। उस पंप रूम के अंदर बोरवेल पहले से ही बना था, जब डीएमआरसी ने निर्माण कार्य के लिए इसके आसपास के क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया था।

**मेट्रो ने बनाया सड़क और गार्ड रूम:** डीएमआरसी ने बयान में आगे कहा कि मानवीय संकेत के रूप में, डीएमआरसी के अधिकारी इंजीनियर साइट पर मौजूद हैं और सभी आवश्यक सहयोग देने के लिए तैयार हैं। वास्तव में, डीएमआरसी ने पिछले कुछ महीनों में उस क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के लिए एक वैकल्पिक सड़क और गार्ड रूम का निर्माण पहले ही कर लिया है।

### 48 घंटे के अंदर सभी बोरवेलों को बंद करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली:** दिल्ली में एक युवक के बोरवेल में गिरने की घटना के बाद केजरीवाल सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। दिल्ली सरकार ने अपने एक आदेश में कहा कि दिल्ली के सभी बोरवेल 48 घंटे के अंदर बंद किए जाएं। दिल्ली जल बोर्ड के केशोपुर मंडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बने 40-45 फुट गहरे बोरवेल में एक शख्स शनिवार रात को गिर गया। शख्स को बोरवेल से सही सलामत निकालन के लिए रेस्क्यू ऑपरेश चलाया गया। इसके बाद रविवार शाम को शख्स को घायल हालत में बोरवेल से निकाला गया। वहीं, इलाज के लिए उसे डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निर्माणाधीन दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर खेल रहे बच्चे पर स्लैब गिरने से हुई मौत

**हादसा**

**8 मृतक की पहचान 12 वर्षीय जुम्मन के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गांधी नगर पुश्ता रोड पर निर्माणाधीन दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर स्लैब गिरने से एक बच्चे की दबकर मौत हो गई। बच्चा अपने दोस्तों के साथ निर्माण साइट पर खेल रहा था, उसी दौरान हादसा हुआ। मृतक की पहचान 12 वर्षीय जुम्मन के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। परिवार की शिकायत पर गीता कॉलोनी थाना ने निर्माण कार्य कर रही गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी के खिलाफ लापरवाही की धारा में प्राथमिकी की है।

**पुलिस को शव के दबे होने की मिली सूचना:** जुम्मन अपने परिवार के साथ मुल्तानी मोहल्ला में रहता था। परिवार में मां, भाई व बहन हैं। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गीता कॉलोनी शमशान घाट के पास एक स्लैब के नीचे बच्चे का शव दबा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**सड़क किनारे स्लैब सही से नहीं रखा था:** दिल्ली सहारनपुर हाइवे का निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने उन स्लैब ठीक ढंग से सड़क के किनारे नहीं रखा हुआ था, जिसकी वजह से हादसा हुआ।

# टिकट कटने की आहट के बीच सांसद बृजेंद्र सिंह ने छोड़ी बीजेपी

**हाथ पकड़ा**

**8 लोकसभा का टिकट कटने की आहट होते ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह लोकसभा का टिकट कटने की आहट होते ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। बृजेंद्र सिंह सुबह 11 बजे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास 10 राजाजी मार्ग पर पहुंचे। यहां पहले से ही मौजूद हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया, राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक और अजय माकन उपस्थिति में खरगे ने सांसद बृजेंद्र सिंह को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

**2019 में छोड़ी थी आइएएस की नौकरी:** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र सिंह ने 2019 में आइएएस की 19 साल पुरानी नौकरी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली थी। बृजेंद्र सिंह के पिता तब मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे उन्होंने अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करने के लिए एक तरह से चुनावी राजनीति से संन्यास लिया था। तब वह राज्यसभा के सदस्य थे। बीरेंद्र सिंह को राजनीति में किसान नेता सर छोटूराम के राजनीतिक वारिस माना जाता है। अभी केवल बृजेंद्र सिंह ने ही कांग्रेस की सदस्यता ली है। उनके पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह और भाजपा से विधायक रही माता प्रेमलता के भी कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। बृजेंद्र सिंह ने संकेत दिया कि चौधरी बीरेंद्र सिंह एक बड़ी जनसभा में भाजपा छोड़ने का ऐलान करेंगे।

**पहले से था कांग्रेस से संपर्क:** कांग्रेस में शामिल होने के बाद बृजेंद्र सिंह ने बताया कि यह फैसला उन्होंने अचानक नहीं किया। वह पिछले सात आठ माह से कांग्रेस के संपर्क में थे। टिकट नहीं मिलने की सूचना के कारण भाजपा छोड़ने के सवाल पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि टिकट है या नहीं, किसकी है या किसकी नहीं है, यह सब अटकलबाजी है। मैंने भाजपा छोड़ने का फैसला पहले से ही किया हुआ था।

# अरुण गोयल के इस्तीफे पर आप ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयुक्त के पद से अरुण गोयल के इस्तीफे पर सवाल उठाए हैं। आप नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने इस मुद्दे पर प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा द्वारा ही नियुक्त चुनाव आयुक्त ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में उनकी नियुक्ति का बचाव किया। उनके इस्तीफे के पीछे क्या वजह रही है, यह स्थिति चिंता पैदा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पूरे देश का एक ही सवाल है कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने चुनाव में ऐसी क्या हेराफेरी करने को कह दिया जो उनका अपना व्यक्ति भी न कर सका और इस्तीफा देना ज्यादा बेहतर समझा। उन्होंने 2027 तक के अपने कार्यकाल को छोड़कर इस्तीफा दे दिया।

**सेवानिवृत्ति के 24 घंटे के अंदर बनाए गए थे चुनाव आयुक्त:** आप नेता आतिशी ने कहा कि अरुण गोयल वही व्यक्ति हैं, जिन्हें भाजपा ने खुद नियुक्त किया था और इनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के 24 घंटे के अंदर-अंदर चुनाव आयुक्त बनाया गया था। जब इनकी नियुक्ति को कोर्ट में चुनौती दी गई थी, तब कोर्ट ने भी कहा था कि इन्हें नियुक्त करने की इतनी क्या हड़बड़ाहट है कि सिर्फ 24 घंटे में ही फाइल शुरू होकर अप्रूव भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा चुनाव आयुक्त जिसे भाजपा ने खुद नियुक्त करवाया, जो उन्हीं का व्यक्ति था, जिसकी नियुक्ति का बचाव करने के लिए भाजपा शासित केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट तक चली गई।

# पीएम ने टर्मिनल 1 की एकीकृत इमारत का किया उद्घाटन

## `शियल रिकॉग्निशन की सुविधा है। टर्मिनल से विमान को जोड़ने के लिए 22 स्टैंड या एयरोब्रिज

**सुविधाएं**

**8 इसके साथ ही टर्मिनल 1 में अब 24 प्रवेश द्वार और 100 चेकइन काउंटर हो गए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 की एकीकृत इमारत का रविवार को उद्घाटन किया। उन्होंने यूपी के आजमगढ़ से वर्चुअली इसका उद्घाटन किया। इसके साथ ही टर्मिनल 1 में अब 24 प्रवेश द्वार और 100 चेकइन काउंटर हो गए हैं। इसके सभी द्वार पर फेशियल रिकॉग्निशन की सुविधा है। टर्मिनल से विमान को जोड़ने के लिए 22 स्टैंड या एयरोब्रिज हैं। टर्मिनल की इमारत ऐसी है कि यहां सूरज की रोशनी का अधिक से अधिक इस्तेमाल भीतरी हिस्से में रोशनी के लिए हो रहा है। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। आईजीएआई पर प्रतिदिन लगभग 1,500 उड़ानों का आवागमन होता है। हवाई अड्डे पर फिलहाल तीन टर्मिनल- टी1, टी2 और टी3 हैं। इनमें टी1 की क्षमता विस्तार के बाद चार करोड़, टी2 की क्षमता 1.5 करोड़ और टी3 की क्षमता 4.5 करोड़ है।

**प्रति वर्ष चार करोड़ यात्रियों की क्षमता:** इस टर्मिनल की क्षमता प्रति वर्ष चार करोड़ यात्रियों की होगी, जो पुराने टर्मिनल से दोगुनी है। दिल्ली एयरपोर्ट जीएमआर समूह के नेतृत्व वाली दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा संचालित है। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के 12 नए टर्मिनल भवनों सहित 15 हवाईअड्डा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**कई तरह की यात्री सुविधाएं मौजूद:** सभी प्रवेश द्वारों पर फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम 20 ऑटोमेटेड ट्रे रिट्रीवल सिस्टम, इंडिविजुअल कैरियर सिस्टम , 108 कॉमन यूज सेल्फ सर्विस , 100 चेक जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए कई यात्री सुविधाएं दी गई हैं।

# नमाजियों से बदसलूकी के मामले में पूरा वीडियो आया सामने



**गश्त बढ़ी**

**8 वीडियो में मनोज पहले नमाजियों को सड़क से हटाते दिख रहे हैं, लेकिन कोई उनकी बात मानने को राजी नहीं हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी के इंद्रलोक में शुक्रवार दोपहर सड़क पर गैर कानूनी तरीके से नमाज पढ़ने के मामले में प्रसारित अधूरे वीडियो पर चौकी प्रभारी मनोज तोमर के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद शनिवार को सामने आए नए वीडियो ने नई बहस छेड़ दी है। वीडियो में मनोज पहले नमाजियों को सड़क से हटाते दिख रहे हैं, लेकिन कोई उनकी बात मानने को राजी नहीं हुआ। बार-बार मना करने के बाद भी नमाजी नमाज पढ़ते रहे। बाद में जब मनोज ने देखा कि कोई उनकी बात नहीं मान रहा है तब उन्होंने एक नमाजी को लात मारी।

**सुरक्षाकर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला:** उधर, इलाके में अर्धसैनिक बलों व दिल्ली पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया गया है। सुरक्षाकर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला। उत्तरी जिला के डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सभी मुस्लिम व अन्य संगठनों से अपील की गई है कि वे माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करें, अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने बढ़ाई गश्त:** इंद्रलोक व आस पास के इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। स्पेशल ब्रांच को भी नजर रखने को कहा गया है। आला अधिकारी लगातार बारी-बारी से इलाके में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। शनिवार को विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर लोग घटना के पक्ष-विपक्ष में अपनी-अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते रहे। पुलिसकर्मी मनोज तोमर द्वारा किए कार्य की कई लोगों ने निंदा की तो कई ने सख्त एतराज भी जताया। शुक्रवार को घटना के तुरंत बाद डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने लोगों की मांग पर चौकी प्रभारी मनोज तोमर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। साथ ही उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई। सीलमपुर से आप विधायक अब्दुल रहमान ने दिल्ली विधानसभा सदन में कहा कि शुक्रवार को इंद्रलोक में नमाज के दौरान पुलिसकर्मी ने नमाजियों को लात मारी है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। कार्रवाई के नाम पर उसे निलंबित किया गया है।

# शख्स ने जेब से निकाला मोबाइल, ले उड़ा बदमाश

**स्नैचिंग**

**8 पुलिस ने गश्त के दौरान वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक आरोपित को चाकू सहित पकड़ा है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गीता कॉलोनी इलाके में एक शख्स से मोटरसाइकिल सवार बदमाश मोबाइल ले उड़ा। वारदात के वक्त पीड़ित अपने मोबाइल में लोकेशन देख रहा था। गीता कॉलोनी थाना ने राजदीप की शिकायत पर प्राथमिकी की है। राजदीप अपने परिवार के साथ नोएडा में रहता है। वह मोटरसाइकिल से नोएडा से जामा मस्जिद खाना खाने जा रहा था, रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर लोकेशन देख रहा था। पीछे से बदमाश आया और झपट्टा मारकर मोबाइल ले उड़ा। बदमाश की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

**वारदात करने की फिराक में घूम रहा आरोपित चाकू सहित पकड़ा:** उधर, उत्तरी दिल्ली की सदर बाजार थाना पुलिस ने गश्त के दौरान वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक आरोपित को चाकू सहित पकड़ा है। पकड़े गए आरोपित की पहचान महेंद्र निवासी पहाड़ गंज के रूप में हुई है। सदर बाजार थाना पुलिस को शनिवार रात लगभग 11 बजे स्वर्ण वाली के सामने रामकुमार वर्मा मार्ग मोतिया खान मार्ग पर एक युवक देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने भाग कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसकी पैन्ट की दाहिनी जेब से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ। बरामद चाकू के दस्ते पर अंग्रेजी में रामपुर लिखा हुआ था और दस्ते पर अंग्रेजी में धातु का स्कैच बटन लगा है जिसकी मदद से चाकू खुलता व बन्द होता है।

# स्पेशल स्टाफ के नाम पर आरोपी ने शख्स से मोबाइल लूटा

**वारदात**

**8 बदमाशों ने आधी रात के बाद दिल्ली का दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में पीड़ित का मोबाइल लूटा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस स्पेशल स्टाफ का नाम सुनकर कांपने वाले बदमाश अब स्पेशल स्टाफ के नाम पर ही लूट करने लगे हैं। स्पेशल स्टाफ के नाम पर बदमाशों ने आधी रात के बाद दिल्ली का दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में पीड़ित का मोबाइल तो लूटा ही, साथ ही उसे पकड़ कर साथ ले जाने के नाम पर धमकाते हुए दौड़ा भी लिया। पीड़ित ने कनॉट प्लेस थाने में मामला दर्ज कराया है। कनॉट प्लेस थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। शालीमार बाग निवासी रजत चोपड़ा का पार्टियों में संगीत बजाने का कार्य है। आठ फरवरी को कड़कड़डूमा में एक शादी में संगीत बजाकर अपने दोस्त राजा के साथ मोटरसाइकिल से वापस अपने घर जा रहे थे। रात करीब ढाई बजे जब दोनो आउटर सर्कल एम ब्लाक कनॉट प्लेस पर पहुंचे।

# दिल्ली में दो सीटों पर फंसा हुआ है भाजपा का पेंच, असमंजस की स्थिति

**टिकट की आस**

**8 प्रत्याशी अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिए हैं, लेकिन इन दोनों सीटों को लेकर पेंच अभी फंसा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों के नाम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पिछले सप्ताह पार्टी ने इन दोनों को छोड़कर अन्य पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रत्याशी अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिए हैं, लेकिन इन दोनों सीटों को लेकर पेंच अभी फंसा हुआ है। अगले सप्ताह इसे लेकर कोई निर्णय होने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा ने दो मार्च को पहली सूची में 195 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। पहली सूची में नई दिल्ली, चांदनी चौक, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली व उत्तर पूर्वी दिल्ली के प्रत्याशी शामिल हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को तीसरी बार टिकट दिया गया है। अन्य चार सीटों पर नए चेहरे उतारे गए हैं। नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, चांदनी चौक से प्रवीन खंडेलवाल, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी और पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत को टिकट दिया गया है। पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने राजनीति से दूरी बनाने की घोषणा कर दी है। पार्टी को उनकी जगह किसी नए चेहरे की तलाश है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली आरक्षित सीट है। पंजाबी गायक हंसराज हंस अभी सांसद हैं। इस सीट पर भी प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा है।

**अभी तक एक भी पंजाबी नेता को टिकट नहीं:** बताते हैं कि प्रत्याशी तय करने में जातीय समीकरण का ध्यान रखा जा रहा है। इस कारण इसमें देरी हो रही है। पिछली बार गंभीर व हंसराज के साथ ही नई दिल्ली से मीनाक्षी लेखी तीन पंजाबी नेताओं को टिकट दिया गया था। इस बार अब तक एक भी पंजाबी को टिकट नहीं मिला है। बचे हुए दो सीटों में से कम से एक पर पंजाबी को चुनाव मैदान में उतारने की बात कही जा रही है। यही कारण है कि पूर्वी दिल्ली से प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा और समाज सेवक व पूर्व विधायक जितेंदर सिंह शंटी का नाम चर्चा में है। उत्तराखंड से संबंधित भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी दौड़ में बताए जाते हैं। उत्तर पश्चिमी से राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री योगेंद्र चांदोलिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा, प्रदेश प्रवक्ता कर्म सिंह कर्मा, पिछले वर्ष कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली प्रीता हरित के साथ ही दलेर मेहंदी के नाम की चर्चा है। भाजपा नेताओं का कहना है कि रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें दिल्ली पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# डिग्री और शैक्षिक प्रमाणापत्रों में केवल पिता ही नहीं, मां का भी होना चाहिए नामः हाईकोर्ट

**निर्देश**

**8 दो सप्ताह के अंदर ताजा डिग्री जारी करने का निर्देश दिया, जिस पर पिता के साथ ही मां का नाम भी दर्शाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने माना है कि छात्रों को जारी किए जाने वाले शैक्षिक प्रमाण पत्र व डिग्री में केवल के पिता का नाम उल्लेख करने का कोई उचित औचित्य नहीं है। एक विधि छात्र की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने कहा कि माता-पिता दोनों के नाम अनिवार्य रूप से प्रमाणपत्र के मुख्य भाग पर प्रतिबिंबित होने चाहिए। याचिका को स्वीकार करते हुए अदालत ने गुरु गोबिंद सिंघ इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी को दो सप्ताह के अंदर ताजा डिग्री जारी करने का निर्देश दिया, जिस पर पिता के साथ ही मां का नाम भी दर्शाया गया हो। अदालत ने कहा कि छह जून 2014 के यूजीसी सर्कुलर के अनुपालन पर गौर करते हुए अदालत ने कहा कि उक्त सर्कुलर के तहत सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों, डिग्री और इसी तरह के दस्तावेज पर छात्र के माता और पिता के नाम का उल्लेख करना आवश्यक है। इस संबंध में अपनाए जाने वाले प्रारूप पर निर्णय लेना विश्वविद्यालय का काम होगा। अदालत ने यूजीसी को इस बात पर विचार करने का निर्देश दिया कि क्या डिग्री और प्रमाणपत्रों में पिता के पिता और माता के पिता या माता के पति के नाम का उल्लेख करना आवश्यक है।

अदालत ने कहा कि लिंग के आधार पर इंसानों को मनोवैज्ञानिक रूप से विभाजित करना भी बेहद पुरानी" बात होगी। पीठ ने कहा कि यह गर्व की बात है कि कानून क्षेत्र में अधिकांश युवा वकील लड़कियां हैं और विधि स्कूलों से स्नातक करने वालों में से 70 प्रतिशत लड़कियां हैं।

# 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**श्री** श्याम सेवा मंडल समालखा के सौजन्य से शहर की अनाज मंडी में चल रही भागवत कथा रविवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथावाचक आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। गोस्वामी महाराज ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक महाराज ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन रविवार को विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान ने अपने परिवार के साथ आहुति डाली। संस्था सदस्यों व अन्य श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर सत्यवीर गुप्ता, राकेश बंसल, सोनू जैन, दिपक चौपड़ा, नंदकिशोर सिंगला, प्रदीप बंसल, विपिन गोयल, विनोद बंसल, संदीप गुप्ता, रमेश चंद्र मित्तल, सुरेंद्र मित्तल, कृष्ण बंसल, मोहित गोयल, रवि अरोड़ा, मनोज सिंघल, आनंद जैन, विनय जैन, कुलदीप राठी, सावन मित्तल, अमित गर्ग, नितिन गोयल, जियालाल गोयल, नरेश बंसल, रामधन गोयल, अशोक गर्ग, सतपाल सिंगला, मोहीत , विनोद मित्तल, मुख्य पुजारी महेंद्र चुलकाना धाम सहित अन्य सदस्यगण सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

**पुण्य कमाया**

8 भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

# नहर से मिले 5 गोवंश के सिर, कुत्ते नोंच रहे थे

**जांच जारी**

8 बजरंग दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी गोवंश के सिरों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव रंबा स्थित पश्चिमी यमुना नहर में गोवंश के 5 सिर मिलने से हडकंप मच गया। दोपहर को जब नहर की पटरी से गुजर रहे लोगों ने कुत्तों के झुंड को देखा तो वहां गोवंश के सिर पड़े थे और कुत्ते उनसे मांस नोच रहे थे, जिसे देखकर सब दंग रह गए। बाद में मामले की सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बजरंग दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी गोवंश के सिरों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।
नहर से गुजर रहे गांव रंबा निवासी सुरजीत ने बताया कि इन दिनों नहर में पानी कम है। वह किसी काम से आज नहर की तरफ जा रहा था। जब पटरी से गुजरने लगा तो वहां काफी संख्या में कुत्तों का झुंड देखा, जो नहर के अंदर घुसा था। जब नहर के अंदर जाकर देखा तो वहां गोवंश के 5 सिर पड़े थे, जिनमें से कुत्ते मांस नोच रहे थे। यह देख उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सदर थाना के जांच अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि पशुओं के सिर को देखने से लग रहा है कि काफी दिन पुराने हैं। टीम को इन सिरों के बाहर निकालने के लिए बुला लिया गया है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि अब जैसे ही नहर में पानी कम हुआ है तो यह सिर दिखने लगे हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## बाबा जस्सा सिंह रामगढिया की जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित कौम दा योद्धा नाटक का हुआ मंचन



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत के बाद 18वीं सदी का समय खालसा पंथ के लिए बेहद कठिन रहा। मुगल सल्तनत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाले खालसा पंथ को जड़ से खत्म करना चाहते थे। 18वीं सदी के कुर्बानियों भरे सिख इतिहास पर आधारित व कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा की जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित लाइट एंड साउंड ड्रामा, कौम दा योद्धा का मंचन करनाल में किया गया।
बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा जनम शताब्दी कमेटी के अंतर्गत इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की सांझी पेशकारी में एक के बाद एक सिखों की कुर्बानियों व मुगलों के जुल्मों की दास्ताँ को मंच व स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया तो दर्शक हतप्रभ रह गये। इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु द्वारा निर्मित व लिखित नाटक कौम दा योद्धा का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी व निर्देशक कृष्ण मलिक ने किया, जबकि नाटक में सिख शस्त्र विद्या गतका की कोरियोग्राफी व संयोजन का श्रेय शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा को रहा। साउंड रिकॉर्डिंग व लाइट मैनेजमेंट जसबीर गिल व उनके साथियों द्वारा की गई। बाबा जस्सा सिंह रामगढि?ा के जनम से इतिहास का मंचन जब शुरू हुआ तो भाई तारा सिंह, भाई मनी सिंह, भाई तारु सिंह, बाबा दीप सिंह, भाई सुखा सिंह माड़ीकंबोकी, दीवान कौड़ा मल आदि की शहादत, छोटा घलूघारा जिसमें 10 हजार सिंह शहीद हुए व बड़ा घलूघारा जिसमें 30 हजार से अधिक सिंह शहीद हुए, के इतिहास को मंच व स्क्रीन पर दिखाया गया।

## सत्यवान को समाजसेवा के लिए किया गया सम्मानित



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा की ओर से रविवार को महासभा के प्रदेश प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलोड को समाज सेवा कार्यों के लिए सेक्टर-33 करनाल स्थित उनके आवास पर सम्मानित किया गया। महासभा के पदाधिकारियों ने सत्यवान ढिलोड की ओर से सामाजिक उत्थान के कार्यों को लेकर गर्व महसूस किया। महासभा के प्रदेश पदाधिकारी तालाब एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य तेजिंदर सिंह तेजी ने कहा कि हरियाणा वाल्मीकि महासभा 30 सालों से कार्यरत है। यह संस्था जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती है और ऐसे बच्चों को शिक्षण सामग्री तक प्रदान करती है। सत्यवान ढिलोड़ संस्था के साथ जुडकर सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक उत्थान के कार्य कर रहे हैं।

# मकान से 12 लाख के गहने चोरी

**हाथ साफ किया**

8 आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें दो बाइक सवार चोर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव संगोही में दो चोरों ने घर से करीब 12 लाख के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोर ताला तोडकर घर में घुसे थे। घटना के वक्त पति दुकान पर गया हुआ था, जबकि पत्नी अस्पताल में ड्यूटी पर गई हुई थी। जब पत्नी घर लौटी तो ताला टूटा देख हैरान रह गई। अंदर गई तो अलमारी में रखे गहने गायब थे। इसके बाद उसने अपने पति को जानकारी दी और सदर थाना पुलिस को बुलाया। पुलिस, एफएसएल और सीआइए की टीम मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें दो बाइक सवार चोर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव संगोही निवासी प्रमोद कुमार की संगोहा गांव में दुकान है और उसकी पत्नी पधाना के अस्पताल में एएनएम है। प्रमोद ने बताया है कि शनिवार सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर वह दुकान पर चला गया था और उसकी पत्नी ड्यूटी पर चली गई थी। करीब साढ़े 11 बजे उसकी पत्नी घर लौटी तो उसे घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर जाकर देखा तो चारों तरफ सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे गहने गायब देख उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी ने उसे कॉल किया, जिसके बाद वह घर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।

# भारत आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था: सुभाष चन्द्र

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल लोकसभा के संपर्क प्रमुख एवं स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने रविवार को घरौंडा हलके के गांव बसताडा, कैमला और अलीपुरा में जनसभा कर लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के बारे में बताया।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और उनकी नीतियों की बदौलत आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर उनके नेतृत्व में भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।
सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जनता के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। इन दस वर्षों में भ्रष्टाचार, जाति और अपराध को जड़ से उखाड? के लिए 3 सी पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा 5 एस-शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है, ताकि हरियाणा का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज सभी कल्याणकारी योजनाओं को पीपीपी से जोड़ा जा रहा है। पीपीपी के माध्यम से पेंशन लाभों का स्वचालित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जैसे ही कोई व्यक्ति पेंशन की आयु प्राप्त कर लेता है तो पीपीपी के माध्यम से पेंशन स्वचालित रूप से शुरू हो जाती है। इसके अलावा पीले राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के माध्यम से किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से पूर्व डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 11 मार्च को करनाल में प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर डीसी उत्तम सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। डीसी उत्तम सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे और तैयारियों के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
गौरतलब है कि 11 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री करनाल में भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। डीसी उत्तम सिंह ने अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी, पार्किंग संबंधी, कार्यक्रम का संचालन संबंधी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कोई भी कर्मचारी व अधिकारी कोताही न बरते, सभी तत्परता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।
इस मौके पर एसपी शशांक कुमार सावन, एसडीएम अनुभव मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**दिशा-निर्देश**

8 डीसी उत्तम सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे और तैयारियों के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## प्रधानमंत्री 13 मार्च को करेंगे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद

**फतेहाबाद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से 13 मार्च को संवाद भी करेंगे। यह कार्यक्रम केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से समाज के वंचित वर्गों के लोगों के लिए आयोजन गया है। लघु सचिवालय के समीप स्थित डीपीआरसी हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, नमस्ते योजना, आयुष्मान योजना, पीएम दक्ष, अनुसूचित जाति एवं वित्त विकास निगम तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के लाभार्थी शामिल होंगे। रविवार को अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के ओएसडी एवं जिला नोडल अधिकारी आयुषी चौधरी ने संयुक्त रूप से लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक कर 13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की समीक्षा की और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी लालचंद, नप ईओ राजेंद्र सोनी, जन स्वास्थ्य विभाग कार्यकारी अभियंता देसवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. लाजवंती गौरी, एलडीएम संजय कुमार, डीआईओ रमेश शर्मा, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की जिला प्रबंधक गीता, अमित कुमार, राधेश्याम, संगीता आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत लेने सोनभद्र से करनाल पहुंचा कांस्टेबल

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल की एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने यूपी पुलिस के कांस्टेबल को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं इस मामले में आरोपी ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं, लेकिन टीम अभी अपने पत्ते नहीं खोल रही है। जानकारी के अनुसार करनाल निवासी एक युवक ने करनाल एसीबी टीम को शिकायत दी थी कि कुछ दिनों पहले उसने करनाल के एक व्यक्ति को गाड़ी बेची थी। जिस व्यक्ति को उसने गाड़ी बेची थी, उसने पीड़ित को गाड़ी सबंधी अपना एफिडेविट दिया था। गाड़ी पीड़ित की धर्मपत्नी के नाम पर थी।पीड़ित ने बताया कि जब हमने गाड़ी सेल की तो उसके कुछ दिन बाद ही उस गाड़ी को नशीले पदार्थ की तस्करी करते हुए यूपी के सोनभद्र जिला की पुलिस ने पकड़ लिया और उसे अपने कब्जे में ले लिया। जिसे लेकर रॉबर्ट गंज थाने में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया। बाद में उसी थाने के कॉन्स्टेबल का उनके पास फोन आया। गाड़ी की पूरी सच्चाई उसे बता दी। उसको गाड़ी बेचने सबंधी एफिडेविट भी भेजा गया। मामले की पूरी सच्चाई बताने के बाद भी यूपी के चोपन थाना के दो कांस्टेबल मनजीत व सुनील ने गाड़ी की पुरानी मालकिन यानी उसकी पत्नी का नाम एफआइआर में दर्ज न करने के बदले में एक लाख रिश्वत की मांग की।

**गिरफ्तार**

8 एसीबी ने 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा, यूपी पुलिस ने नशा तस्करी में पकड़ी थी बेची हुई गाड़ी

# योग करने से मिलती है सुंदरता, सफलता और शक्तिः दिनेश

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का विशेष सत्र सैक्टर 12 फव्वारा पार्क से लिया गया। सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई। शिक्षिका नीलम बटला और इनफ चौधरी ने आसन सत्र और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उसके बाद मन को शांत रखता हुआ प्राणायाम सत्र का अभ्यास दिनेश गुलाटी ने करवाया। उन्होंने कहा कि लगातार योग करने से सुंदरता, सफलता और शक्ति मिलती है। आलसी व्यक्ति के लिए योग का कोई महत्व नहीं है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। जो लोग ये बात जानते हैं, वे अपनी सेहत ठीक रखने के लिए प्रयास जरूर करते हैं। सेहत ठीक करने का सबसे अच्छा तरीका है योग प्राणायाम करना। नियमित रूप से योग किया जाता है तो शरीर स्वस्थ रहता है, बीमारियों की रोकथाम होती हैं, मन शांत रहता है और नकरात्मकता दूर होती है। आज के सत्र में विशेष रूप से शिक्षिका नीलम बटला, इनफ चौधरी के साथ-साथ साधकों में रिंकी जैन, पूजा कथूरिया, रजनी, राहुल गेरा, रमेश चावला, मेहर सिंह, विक्की कक्कड़ और अन्य कई साधक मौजूद रहे।



**योगाभ्यास**

8 शिक्षिका नीलम बटला और इनफ चौधरी ने आसन सत्र और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

# जिले राम शर्मा ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने का किया ऐलान

### शर्मा आज भाजपा के क□कमल कार्यालय में सीएम मनोहर लाल की अगुवाई में भाजपा का दामन थामने वाले हैं

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के हलका असंध से पूर्व विधायक और पूर्व कांग्रेस सीपीएस जिले राम शर्मा ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है। शर्मा आज भाजपा के कर्ण कमल कार्यालय में सीएम मनोहर लाल की अगुवाई में भाजपा का दामन थामने वाले हैं। जिले राम शर्मा के इस ऐलान ने राजनीतिक गलियारों की सरगर्मियों को उफान पर ला दिया है। कांग्रेस क्यों छोड़ी जा रही है और भाजपा में शामिल होने के लिए क्या शर्त रखी गई है, इसको लेकर अभी जिले राम ने अपने पूरे पत्ते नहीं खोले हैं। भाजपा में शामिल होने का कारण शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और हरियाणा में मनोहर लाल की ईमानदार सरकार को बता रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी काम कर रहे हैं, वे उससे प्रभावित हुए हैं। जिले राम शर्मा के भाजपा में शामिल होने के ऐलान के बाद से टिकट की कंडीशन वाली चचाओं ने भी जन्म ले लिया है। जब शर्मा से पूछा गया कि क्या भाजपा के साथ टिकट की शर्त रखी गई है तो उन्होंने इस बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी कंडीशन भाजपा के सामने नहीं रखी गई है। अगर इस तरह की कोई बात आई भी है तो वह महज एक अफवाह है। पार्टी चाहे टिकट दे या न दे, हम पार्टी की सेवा करेंगे।
वहीं जिले शर्मा के भाजपा में आने के ऐलान के बाद असंध से पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अब तक वही असंध विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। जब जिले राम शर्मा से पूछा गया कि आप लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रहे हैं या फिर विधानसभा की, तो जवाब आया कि फिलहाल मेरी कोई तैयारी नहीं है। अगर पार्टी हाईकमान मौका देगी तो विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। लोकसभा की हमारी कोई तैयारी नहीं है। मेरी तरफ से कोई शर्त नहीं रखी गई है। उनसे जब सवाल किया गया कि अगर भाजपा में भी टिकट नहीं मिलती है तो क्या फिर आजाद चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल पर शर्मा ने कहा कि यह वक्त बताएगा। उल्लेखनीय है कि पंडित जिले राम शर्मा ने असंध से 2009 में हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) की टिकट पर चुनाव लड़ा था। बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे, फिर उन्होंने 2014 व 2019 में आजाद चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार मिली।



**कांग्रेस को झटका**

8 जिले राम शर्मा के इस ऐलान ने राजनीतिक गलियारों की सरगर्मियों को उफान पर ला दिया है। कांग्रेस क्यों छोड़ी जा रही है

# ईशा बंसल नेशनल आइकन अवार्ड से सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया फेडरेशन की ओर से छठे फाउंडेशन डे का आयोजन का आयोजन शहर के स्थानीय होटल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों एवं रेशमी देसाई मौजूद रहे।
एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि एंटी करप्शन फाउंडेशन को 6 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसी के चलते कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय चेयरपर्सन ईशा बंसल को सम्मानित किया गया है। ईशा बंसल की सामाजिक उपलब्धियां के कारण उन्हें नेशनल आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। ईशा बंसल ने नेशनल एंटी करप्शन फाउंडेशन के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं उनकी टीम का धन्यवाद व्यक्त किया कि उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया।



नई दिल्ली, 11 मार्च 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

## संपादकीय

# विपक्ष को भारी पड़ेगा 'मोदी का परिवार'

**20** सितंबर 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी की चौकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे मैं भी चौकीदार जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, अपने इस बयान को लेकर राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी। 3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलायंस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है। पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नए अभियान की शुरूआत कर दी। अभियान का नाम दिया गया ह्ममोदी का परिवार ह्ल फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिए। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। साल 2019 में भी पीएम मोदी ने विपक्ष के हमले से ही एक ऐसा हथियार निकाला और इस तरह अभियान चलाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सारी कोशिशें ध्वस्त हो गई थीं और भारतीय जनता पार्टी 2014 की तुलना में बड़ी जीत के साथ सत्ता में वापसी की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने एक्स पर अपने बॉयो में मैं भी चौकीदार लिखकर इस अभियान की शुरूआत की थी। यह अभियान तेजी से वायरल हो गया और बड़ी संख्या में बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने अपनी बॉयो में मैं भी चौकीदार लिखना शुरू कर दिया। गली-गली पोस्टर लग गए। सिर पर टोपी आई जिस पर लिखा था- मैं भी चौकीदार। हर बड़ी हस्ती खुद को चौकीदार बताने लगी थी। चायवाला बनकर अगर पीएम रिक्शा, रेहड़ी-पटरी वाले तबके से जुड़ते हैं तो ह्ममैं भी चौकीदारह्ल से उन्होंने एक बड़े तबके को खुद से जोड़ने की कोशिश की। वो प्रयोग सफल रहा। यह अभियान चुनाव खत्म होने तक जारी रहा। 2019 में जहां मैं भी चौकीदार नारा चर्चा में आया था तो वहीं अबकी बार मोदी का परिवार सुर्खियों में है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस बार विपक्ष ने फिर से वही गलती कर दी है। 2014 के चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी पर एक और हमला किया था। अय्यर ने कहा था कि वो चायवाला क्या प्रधानमंत्री बनेगा।

# आंकड़ों के खेल में उलझी इंसान की जिंदगी



नवीन गौतम

> दरअसल सरकारी आंकड़े आय में बढ़ोतरी का दम भरते हैं उसका सच यह है अधिकांश बढ़ोतरी आबादी के शीर्ष 10 फीसदी लोगों के खाते में गई है। इसके उल्ट सैलरी औसत में गिरावट आ रही है। वास्तविक संदर्भ में तो ये संभवतः और भी कम है। 10% के खातों में खूब बढ़ोतरी और 90% के खातों से घटोतरी यह वास्तविक धरातल का सच है। खुद की पीठ थपथपाने वाली राज्य सरकारें हों या फिर केंद्र सरकार इस असमानता को गंभीरता के साथ दूर करने की कोशिश करती नजर नहीं आती। अगर ईमानदारी से कोशिश की गई होती तो शायद 81 करोड़ से अधिक लोगों को आज केंद्र सरकार के मुफ्त के गेहूं, चावल की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसा कौन सा पैमाना है जिससे सरकार प्रति व्यक्ति औसत आय तय करती है

**पिछले** दिनों जब हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में गया तो मैंने वहां सरकार की उपलब्धि दर्शाते हुए होर्डिंग देखे, जिनमें से कुछ पर हरियाणा में प्रति व्यक्ति प्रतिमाह औसत आय 26 हजार के करीब दर्शाई गई । ऐसा ही दिल्ली खास तौर से पुरानी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली में दिल्ली भाजपा के एक उपाध्यक्ष ने विभिन्न क्षेत्रों में होर्डिंग लगवा दावा किया गया कि मोदी ससरकार ने 49 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया।

इनको लेकर जेहन में कुछ सवाल उठे, सरकार की नीतियों का अध्ययन किया, आंकड़ों पर नजर डाली तो पता चला भारत में प्रति व्यक्ति की वार्षिक आय दोगुनी हो गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडी सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रति व्यक्ति की कमाई दोगुनी होकर सालाना 1,72,000 रुपये हो गई है। लेकिन फिर लगा असमान आय डिस्ट्रीब्यूशन आज भी उसी तरह एक बड़ी चुनौती बनी हुई है जैसे पूर्व की सरकारों के समय में हुआ करती थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2014-15 में भारत में प्रति व्यक्ति की सालाना आय 86,647 रुपये थी। मोदी सरकार के अनुसार, पिछले 9 साल में प्रति व्यक्ति की आय में 99 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, इस दौरान वास्तविक मूल्य (स्थिर दाम) पर प्रति व्यक्ति की आय 35 फीसदी बढ़ी है। इस बारे में और गहराई से अध्ययन करने पर पता चला कि साल 2014-15 में वास्तविक मूल्य पर प्रति व्यक्ति की आय 72,805 रुपये रही थी, जो 2022-23 में बढ़कर 98,118 रुपये पर रह सकती है। कुछ इकोनॉमिस्ट ने बताया कि आप मौजूदा कीमतों पर जीडीपी को देख रहे हैं, लेकिन अगर आप महंगाई दर को ध्यान में रखकर आंकड़े को देखेंगे, तो ये बढ़ोतरी बेहद ही कम है।

दरअसल सरकारी आंकड़े आय में बढ़ोतरी का दम भरते हैं उसका सच यह है अधिकांश बढ़ोतरी आबादी के शीर्ष 10 फीसदी लोगों के खाते में गई है। इसके उल्ट सैलरी औसत में गिरावट आ रही है। वास्तविक संदर्भ में तो ये संभवतः और भी कम है।



10% के खातों में खूब बढ़ोतरी और 90% के खातों से घटोतरी यह वास्तविक धरातल का सच है।

खुद की पीठ थपथपाने वाली राज्य सरकारें हों या फिर केंद्र सरकार इस असमानता को गंभीरता के साथ दूर करने की कोशिश करती नजर नहीं आती। अगर ईमानदारी से कोशिश की गई होती तो शायद 81 करोड़ से अधिक लोगों को आज केंद्र सरकार के मुफत के गेहूं , चावल की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसा कौन सा पैमाना है जिससे सरकार प्रति व्यक्ति औसत आय तय करती है। अगर वास्तव में सरकार की प्रति व्यक्ति आय 25,000 से अधिक है और 49 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं तो फिर राज्य सरकारों या केंद्र सरकार को मुफ्त में अनाज क्यों बांटना पड़ रहा है, व्यक्ति आखिर क्यों लाइन में लग रहा है चंद रुपए के गेहूं और चावल के लिए । प्रति व्यक्ति आय अगर बढ़ी तो फिर पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुई बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का हवाला देकर मुफ्त चावल गेहूं देने की स्कीम को क्यों आगे बढ़ाने की जरूरत पड़ी ?

विरोधी दलों की राज्य सरकारों के इस तरह के फैसलों को मुफत की रेवड़ी बताने वाली केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत 81.3 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने का फैसला किया । एक तरफ तो प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, गरीबी रेखा से 49 करोड लोगों को ऊपर उठाने का दावा किया जा रहा है तो दूसरी तरफ गरीबी का वास्ता देकर करीब 82 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का ऐलान। आखिर दोहरी नीति के पीछे का सच क्या है? तब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 81.3 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण का फैसला किया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबों को मुफ्त राशन (ऋ्री फंड्डल्ल) देने पर करीब 2 लाख करोड़ रुपये की लागत आएगी, इसका बोझ केंद्र सरकार उठाएगी।

> दरअसल सरकारी आंकड़े आय में बढ़ोतरी का दम भरते हैं उसका सच यह है अधिकांश बढ़ोतरी आबादी के शीर्ष 10 फीसदी लोगों के खाते में गई है। इसके उल्ट सैलरी औसत में गिरावट आ रही है। वास्तविक संदर्भ में तो ये संभवतः और भी कम है।

केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री गोयल ने जानकारी दी थी कि सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट के तहत चावल तीन रुपये प्रति किलो, गेंहू दो रुपये प्रति किलो और मोटा अनाज एक रुपये प्रति किलो की दर से देती है। उनका दावा था इससे 81.35 करोड़ लोगों को फायदा होगा।

जिस तरह का झोल प्रति व्यक्ति आय, गरीबी रेखा से ऊपर उठने वाले लोगों के मामले में वैसा ही झोल महंगाई दर में नजर आता है।

जब-जब महंगाई दर कम होने के सरकार की तरफ से दावे किए जाते हैं तब - तब जनता की रसोई का बजट बिगड़ा नजर आता है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रसोई गैस के दाम में 100 की और सीएनजी गैस में ढाई रुपए प्रति किलो घटोतरी के बावजूद एक आम व्यक्ति की रसोई का अध्ययन किया जाए तो समझ आता है कि महंगाई सातवें आसमान पर है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, रसोई गैस, आटा, दाल, चावल आदि तमाम जरूरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं तो आखिर महंगाई दर कैसे कम हो रही है। ऐसा कौन सा पैमाना है जो वास्तविक धरातल को देखे बिना महंगाई दर तय कर रहा है? कौन ऐसे अधिकारी और नेता हैं जिन्हें वास्तविक धरातल दिखाई ही नहीं देता। या फिर सरकार की नीतियां देश के सबसे निचले पायदान पर अपनी जिंदगी की गाड़ी खींच रहे व्यक्ति की जरूरतों को देखकर नहीं बल्कि उन 10% लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं जिन पर महंगाई का कोई असर नहीं पड़ता और देश में प्रति व्यक्ति औसत आय की बढ़ोतरी का सर्वाधिक हिस्सा उनके खाते में जाता है।

## कविता

### यह इश्क है अवरोधों से डरता नहीं

यह इश्क है अवरोधों से तो डरता नहीं,
राह मुश्किल सही, पैर तो थकता नहीं

आपके वास्ते आईना भी लाए हैं,
पत्थरों में अक्स तो दिखता नहीं

इश्क दिल में आकर उतर जाता है,
आंखों में तेरा सपना तो भटकता नहीं

जिंदगी कब की ठहरी, इक मोड़ पर,
पर वक्त है कि कभी तो ठहरता नहीं

जिंदगी में संजीव खुद्दारी प्यारी बहुत,
टूट जाऊंगा,कभी झुक तो सकता नहीं

टुटा हुआ तारा हूं तिरि मोहब्बत के आकाश का,
वापस गगन में फिर जा तो सकता नहीं

संजीव

# अभी तो इण्डिया पर भारी एनडीए

**प्रेम शर्मा**

निश्चित तौर पर लम्बे समय से सत्तासीन एनडीए ने अपने कील काटे मजबूत कर लिए है। देश में 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग किसी भी समय अधिसूचना जारी कर सकता है। आगामी चुनाव के लिए इण्डिया गठबंधन ने फिलहाल 26 दलों के साथ मोर्चा खोल रखा है। भाजपा क्षेत्रीय दलों को लगातार जोड़ते हुए अपने कुनबे में इजाफा दर्ज करा रही है। पहले 38 दलों के साथ उड़ीसा में 15 वर्ष बाद बीजेद के सहारे 21, आन्ध्रा में टीडीपी क सहारे 25 जिसमें 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआर 22 सीटों पर जीत हासिल की थी और त्रिपुरा में विपक्षी दल टीएमपी को अपने में कुनबे में शामिल कर दक्षिण में पैर फैला दिये है। पिछले छह माहों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अलग तेवर में नजर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पिछले माहों की स्पीच में स्पष्ट जनाधार, चार सौ के पार का दोहराया जाना यू ही नही है। चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों ही सदनों में ही विपक्ष को स्पष्ट संदेश दिया कि उनका तीसरा टर्म आना तय है। एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। लगातार कई सर्वे बता रहे है कि एनडीए के खाते में 543 सीटों में से 335 से ज्यादा सीटें आ सकती हैं। वैसे देखा जाए तो किसान, राम मंदिर, बेरोजगारी, जातीय जनगणना, काला धन जैसे मुद्दों को लेकर हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में विपक्ष को कोई खास फायदा नहीं मिला। इंडिया गठबंधन के गठन के बाद से ही बीजेपी लगातार इस पर हमलावर रुख अपनाए हुए है। पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के तमाम बड़े नेताओं का कहना है कि यह अवसरवादी गठबंधन है। एक साथ आए इन दलों का एकमात्र उद्देश्य पीएम मोदी को हराना है। एक सर्वे के अनुसार 50 फीसदी लोगों का मानना है कि चुनाव तक विपक्षी गठबंधन इंडिया एकजुट नहीं रह पाएगा।

अगर बता बड़े राज्यो की करे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है। जबकि बिहार में 2019 की तरह 40 में से 39 सीटों को बरकरार रखने के लिए भाजपा ने एक बार फिर नीतिश बाबू के स्वराज को अपनी शरण में ले लिया है। उत्तर प्रदेश में 2019 के लोकसभा चुनावों में एनडीए ने 64 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, समाजवादी पार्टी (5) और कांग्रेस (1) ने छह सीटें जीती थीं, जबकि मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने 10 सीटों पर अपना परचम लहराया था। चुनाव पर आ रहे ताजे विशलेषणों के अनुसार 2024 में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 53.16 प्रतिशत का बड़ा वोट शेयर मिल सकता है, जबकि इण्डिलया को 32.57 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। बीएसपी को 5.43 फीसदी, और निर्दलीय समेत अन्य को 3.84 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। वर्तमान में, एनडीए में बीजेपी, आरएलडी, अपना दल (सोनेलाल), निषाद पार्टी और एसबीएसपी शामिल हैं।

## विचार

# कैसे देखते-देखते बदलने लगा कश्मीर

**आर.के. सिन्हा**

**अगर** किसी ने फैसला ही कर लिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना नहीं छोड़ेगा तो बात अलग है, पर हाल ही में उनका ( मोदी जी) श्रीनगर यात्रा के समय जिस तरह का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत हुआ उससे सारा देश आश्वस्त महसूस कर रहा है। एक यकीन होने लगा है कि अब कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब अविश्वसनीय था। सभा स्थल बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुनने के लिए हजारों लोगों की वक्त से बहुत पहले से ही लाइनें लग गई थीं। इनमें कश्मीरी औरतें भी भारी संख्या में थीं। याद नहीं आता कि जब किसी प्रधानमंत्री का घाटी में इतना गर्मजोशी से स्वागत किया गया हो।इसके पहले लगभग चालीस वर्ष पहले पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का लगभग ऐसा ही स्वागत हुआ था श्रीनगर में । प्रधानमंत्री की सभा की समाप्ति के बाद लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता और आशा की मिली-जुली रेखाओं को पढ़ा जा सकता था। एक खबरिया टीवी चैनल को स्थानीय निवासी गुलाम भट्ट कह रहे थे, मुझे यकीन है कि पीएम मोदी हमारी सेवाओं को नियमित कराएंगे। वह अकेले ही इसे पूरा कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब तक सभी सरकारों ने हमसे केवल खोखले वादे किए हैं। रैली में इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों की सुरक्षा के प्रबंधन में स्थानीय पुलिस सबसे आगे थी। जनता ने पुलिस द्वारा बताए गए हर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के उप-निरीक्षक सुलेमान खान ने कहा, यह पीएम मोदी की वजह से हुआ है। अब हमारी वर्दी का सम्मान है। हमने कश्मीर में वह दौर भी देखा है, जब पुलिसकर्मी पत्थरबाजों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के डर से अपना पहचान पत्र नहीं रखते थे। कश्मीर में यह परिवर्तन किसने संभव किया? यह मोदीजी और उनका दृढ़ संकल्प है कि कश्मीर में कानून का शासन वापस आया। मुझे मेरे कश्मीर में रहने वाले कई मित्रों ने बताया कि रैली के बाद लोग कश्मीर में अपने परिवार और दोस्तों के साथ रैली के बारे में जिस तरह से बातें कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि लोग खुद स्वेच्छा से वहां पहुंचे थे। हजारों लोग गर्व से बता रहे हैं कि उन्होंने बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुना।प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अनुपम अवसर का भरपूर फायदा उठाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रदेश का डेवलपमेंट प्लान सबके सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। अगर बात प्रधानमंत्री मोदी की रैली से हटकर करें तो कश्मीर की जनता देख रही है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर ( पीओके) में कितने बदत्तर हालात हैं। वहां पर दिन में कम से कम दसेक घंटे तक बिजली नहीं आती। वहां रोजगार नाम की कोई चीज नहीं है। सोशल मीडिया के दौर में अब कुछ भी छिपा नहीं है। कश्मीर घाटी की जनता यह भी देख रही है कि पीओके में पाकिस्तान सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले छह महीनों से महंगाई, अप्रत्याशित बिजली बिल और अन्य करों के विरोध में प्रदर्शन जारी है। इतना ही नहीं, वहां पर प्रशासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया है। बिजली के भारी बिलों और करों को लेकर लोगों का आंदोलन शुरू किया था।

इस बीच, अब बहुत साफ है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का कोई मसला ही नहीं रहा। एक तरह से आप कह सकते हैं कि राज्य का अवाम अब धारा 370 से आगे निकल चुका है। जैसी कि उम्मीद थी कि इस धारा को हटाए जाने के बाद राज्य का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा, अब वही हो रहा है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# रहिमन जिह्वा बावरी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वाकिंग करते-करते** पुराने जूते फट गए थे। सोच रहा था नए जूते ले लूँ। इधर कुछ दिनों से हाथ बड़ा तंग चल रहा था। जैसे-तैसे पैसों का जुगाड़ हुआ। अपने करीबी साथी के सामने जूते खरीदने की बात यह सोचकर रखी कि वह किसी अच्छे ब्रेंड का नाम सुझाएगा। किंतु अगले कुछ मिनटों में उसने मेरा ऐसा ब्रेन वाश किया कि नए जूते खरीदना तो दूर सोचने से भी हाय-तौबा कर ली। मित्र ने बताया कि नए जूते शोरूम से ऐसे निकलते हैं मानो उनकी जवानी सातवें आसमान पर हो। उनके रगों में गरम लहू ऐसा फड़फड़ाता है मानो जैसे जंग में जा रहे हों। बिना किसी सावधानी के इन्हें पहनना बिन बुलाए आफत को दावत देने से कम नहीं है। पैरों को ऐसे काटेंगे जैसे कि केंद्र और राज्य सरकार जीएसटी के नाम पर पेट्रोल-डीजल का टैक्स काटते हैं। हाँ यह अलग बात है कि आम लोगों के लिए जीएसटी की समझ अभी भी दूर की पौड़ी है, किंतु नए जूतों का चुर्रर करने वाला संगीत भुलाए नहीं भूलते। मित्र ने नए जूतों का इनसाइक्लोपीडिया ज्ञान बाँटते हुए आगे कहा झ्र यदि भूल से भी नए जूते खरीद लिये तो इन्हें कभी पास-पास मत रखना। दोनों ऐसी खिचड़ी पकायेंगे कि तुम्हारा जीना हराम कर देंगे। दोनों की ऐसी सांठ-गांठ होगी मानो वे जूते नहीं विपक्षी पार्टी हों। बात-बात में तुम्हारे विरोध में आवाज बुलंद करेंगे। इन्हें भूल से भी कैलेंडर, घड़ी, समाचार पत्रों की रैक के पास मत रखना, वरना ये कभी वेतन वृद्धि की मांग तो कभी काम करने के घंटों को लेकर तुम्हारे पीछे हाथ धोकर पड़ जायेंगे। कभी मंदिर जाने का प्लान बनाओ तो इनके साथ भूलकर भी न जाना। यदि इन्हें पता चल गया कि तुम बिना कोई मेहनत किए भगवान भरोसे अपना भाग्य बनाना चाहते हो तब तो तुम्हारी खैर नहीं। ऐसा काटेंगे तुम्हें तुम्हारी सातों पुश्तें याद आ जायेंगी।मुझे लगा मित्र नव जूता बखान से थक गया होगा। उसे एक गिलास पानी देना चाहिए। किंतु मित्र था कि थकने का नाम ही नहीं ले रहा था। न जाने कौनसी एनर्जी ड्रिंक पीकर आया था? उसने आगे कहा झ्र अभी तो मैंने तुम्हें सबसे जरूरी बात बताई ही नहीं। इन्हें भूल से भी पत्नी के आस-पास फटकने मत देना। ये बड़े चुगली खोर होते हैं।

# चार का फेर...

**सुनील**

**जब** कोई व्यक्ति किसी कार्य में लगभग सफल होते हुए भी अंतिम समय में असफल हो जाना तो कहते हैं कि वह 'निन्यानवे के फेर' में फंस गया। मतलब यह कि 'निन्यानवे का फेर' बहुत नजदीक पहुंचकर भी अपने लक्ष्य को न प्राप्त कर पाने की स्थिति को दशार्ता है। खैर, जो है सो है। लेकिन आजकल लोग 'निन्यानवे के फेर ' में नहीं पड़ते। वो क्या है कि लोग आजकल सीधे 'चार सौ' के फेर में हैं।कभी अफ्रीकी व वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज भी चार सौ के फेर में उलझे थे। वैसे शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक भी जब यकायक चार सौ अंक तक बढ़ता है तो अलग ही बात होती है। वैसे इस चार सौ के फेर से राजनीति व राजनेता भी नहीं बच पाए हैं। चुनावी समय जो है। अबकी बार 'चार सौ पार'। निन्यानवे को लोग भूल गए और 'चार सौ' के फेर में फंस गए। सत्ताधारी 'चार सौ' के फेर में उलझे हैं। अब चार सौ को राजनीति में कोई चुनावी जुमला बताता है तो कोई अपना टारगेट। वैसे इस चार की चिन्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही है। खैर, हमें क्या लेना देना राजनीति और राजनीतिज्ञों से। वैसे न, चार का अंक है बड़ा खतरनाक। खतरनाक इसलिए क्योंकि ज्योतिष में ये नवग्रहों में राहु से जुड़ा हुआ अंक माना जाता है। इतना ही नहीं चार का अंक नेतृत्व कौशल वाले ऊजार्वान, जानकार, चतुर और आत्मविश्वासी व्यक्तियों को भी इंगित करता है। किसी फोर व्हीलर में भी हालांकि छह टायर होने पर भी वह फोर व्हीलर ही माना जाता है। इसलिए चार का अंक बड़ा करामाती और रहस्यमय ही है। चार की बात करें तो चार पर एक मुहावरा भी काफी फेमस है -'चार दिन की चांदनी और फेर अंधेरी रात।'

इस मुहावरे को सुनकर सुनकर कभी कभी हमें डर लगने लगता है कि लोग चार या चार सौ के चक्कर में आखिर फंसे क्यों हैं ? कहते हैं कि विनायक चतुर्थी के दिन चंद्रमा नहीं देखना चाहिए। ऐसा करना अपशकुन माना जाता है। एक बात बताऊं यदि कोई पैदल यात्री कहीं पर जा रहा होता है और अपनी मंजिल के नजदीक जाकर जब वह किसी से रास्ता पूछता है तो अक्सर यही कहा जाता है कि बस चार कदमों पर ही आपकी मंजिल है।

नई दिल्ली, 11 मार्च 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com
ACTION INDIA
youtube.com/actionindiatv
facebook.com/actionindialive
twitter.com/actionindianews



## न्यूज फ्लैश

### फाल्गुणोत्सव को लेकर चुलकाना धाम में प्रतिदिन लाखों की संख्या में आ रहे भक्त



**समालखा ( कुलदीप सिह )**
फाल्गुणोत्सव को लेकर चुलकाना धाम में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन के लिए दूर दराज से पहुँच रहे है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सीटी रविकुमार व पानीपत जिला न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा अपने परिजनों सहित श्रीश्याम बाबा के दर्शन के लिए चुलकाना धाम पहुंचे। न्यायधीशों के मंदिर में पहुंचने पर कमेटी पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया। रविकुमार व सुदेश कुमार शर्मा ने श्री श्याम बाबा के चरणों में शीश नवाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर कमेटी रोशन लाल प्रधान ने न्यायाधीशों को महाभारत काल से चले आ रहे पीपल के पेड़ के पत्तों में आज भी छेद होने बाबत पत्ते दिखाए और उसके बारे में बताया। विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चुलकाना धाम में फाल्गुन महीने में अन्य दिनों की अपेक्षा श्री श्याम बाबा के भक्तों की संख्या कई गुणा बढ़ गई हैं। हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने के लिए दूर दराज से पहुंच रहे हैं। भक्तों रथ यात्रा, निशान यात्रा, पेट पालनी यात्रा आदि गाजे बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए बाबा के पावन धाम चुलकाना धाम पहुँच रहे है। वहीसचिव प्रवीण सिंगला ने बताया कि रविवार को समालखा,गन्नौर, सोनीपत, दिल्ली, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, जींद , सफीदों, गोहाना,पानीपत के साथ राजलू गढ़ी, गुमड़, गढ़ी केसरी, सहित अनेक स्थानों से श्री श्याम रथ यात्राएं चुलकाना दरबार में पहुंची। वहीं मंदिर कमेटी उपप्रधान सुनील ने बताया कि मंदिर परिसर में कमेटी द्वारा भगतों की सहूलियत के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। भक्तों की व्यवस्था के लिए एल ईडी लगाई जा रही है। जिससे भक्तों को लाइनों में खड़े खड़े बाबा श्याम के दर्शन होगें। वहीं मंदिर में सफाई एवं मूर्तियों पर पेंट, लिखाई का कार्य भी लगभग पुरा हो चुका है।


### दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान मजदूर महापंचायत 14 मार्च को



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** संयुक्त किसान मोर्चा (राष्ट्रीय) के आह्वान पर 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान मजदूर महापंचायत के आयोजन को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकत्राओं की ओर से गांव-गांव, शहर व कस्बों में जाकर ग्रामीणों को लगातार न्योता देने का सिलसिला जारी है।
इसी सिलसिले को लेकर करनाल के विकास नगर में रविवार को किसान पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन और पंचायत का संचालन जिला संगठन सचिव रमेश कुमार बडसत ने किया। उपस्थित किसानों ने किसान मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर अपनी आवाज को बुलंद किया।
जिला अध्यक्ष सुरेंद्र घुम्मन ने कहा कि 14 मार्च को देशभर के किसान मजदूर अपने साधनों व रेलों द्वारा भारी संख्या में दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता के नशे में चूर हैं, जिसकी वजह से भाजपा सरकार किए गए वायदों को भूल रही है। देशभर के किसान मजदूर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। एमएसपी खरीद गारंटी कानून न बनाकर किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी एक बड़ा धोखा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वायदों को लाखों किसानों व मजदूरों की भारी भीड़ के बीच संयुक्त किसान मोर्चा के नेता उन्हें याद दिलाएंगे। इतना ही नहीं इस ऐतिहासिक मैदान में किसान मजदूरों की ओर से हुंकार भी भरी जाएगी।

# वरिष्ठ डिपोधारक के लाइसेंस को नवीनीकरण न करने के फैसले के खिलाफ नाराजगी प्रकट की

## डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को ज्ञापन 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके वरिष्ठ डिपोधारक के लाइसेंस को नवीनीकरण न करने के फैसले के खिलाफ नाराजगी प्रकट करते हुए सरकार से इस प्रावधान को खत्म करने की माँग की है। राजीव जैन ने आश्वस्त किया कि वे उनकी माँग मुख्यमंत्री के सामने पुरजोर ढंग से रखेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि राज्य सरकार ने आदेश पारित कर लाइसेंस एवं कंट्रोल ऑर्डर की धारा 2022 की धारा (6) 1 में संशोधन करके उक्त आदेश जारी किए हैं जिससे प्रदेश के लगभग 3000 डिपोधारक बेरोजगार हो जाएंगे। डिपोधारकों का कहना है कि ऐसे डिपो धारकों की अवधि 31 मार्च 2024 को खत्म हो रही है उससे डिपो धारक चिंतित है। डिपो धारक पूरे जीवन में जो थोड़ा बहुत कमाते हैं उससे परिवार का गुजारा चलता है भविष्य के लिए राशि जमा नहीं हो पाती। एसोसिएशन का कहना है कि पड़ोसी राज्य पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान में कोई ऐसा प्रावधान नहीं है फिर हरियाणा क्यों पहल कर रहा है। उनका कहना है कि न तो सरकार की तरफ से हमारा कोई रिटायरमेंट प्लान है और न ही कमीशन के अलावा भविष्य निधि जैसी कोई सुविधा है। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि गैस एजेंसी, ईट भट्ठा, खाद, बीज आढ़ती लाइसेंस के लिए भी कोई इस तरह की शर्तें नहीं है फिर डिपोधारको के साथ अन्याय क्यों। एसोसिएशन ने यह भी माँग रखी है कि प्रदेश में 1000 से ज्यादा डिपो के स्थान खाली है उन्हें आवंटित कर रोजगार दिया जाए तथा 300 कार्ड की लिमिट रखने का प्रावधान भी वापस लिया जाए क्योंकि 300 कार्ड के कमीशन से गुजारा नहीं होगा। प्रतिनिधिमंडल में राकेश कुमार प्रधान, त्रिलोक चंद जैन उप प्रधान, मुकेश निंदानी, सोम प्रकाश अग्रवाल समेत अनेक डिपो धारक मौजूद थे।

## श्री शिव शक्ति सेवा मंडल के प्रधान बने मनोहर लाल खुंगर



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** संस्कारों की रक्षा एवं मानव सेवा ही माधव सेवा के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नगर की प्रमुख संस्था श्री शिव शक्ति सेवा मंडल करीब साढ़े तीन दशकों से अपने धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों को लगातार गतिशील बनाए हुए है। इन्हीं कार्यक्रमों में प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री दुःख भंजन महादेव मंदिर में पिछले कई वर्षों से सावन कावड़ शिविरों का आयोजन किया जाता है। रविवार को श्री शिव शक्ति सेवा मंडल की बैठक में नगर के प्रमुख समाजसेवी मनोहर लाल खुंगर को आगामी तीन वर्ष के लिए प्रधान नियुक्त किया गया। उनके नाम को संस्था के वर्तमान में प्रधान दर्शन पुरी ने प्रस्तावित किया। वहीं श्री शिव शक्ति सेवा मंडल के चेयरमैन एम.के. मौदगिल को फिर से चेयरमैन की जिम्मेवारी सौंपी गई। जबकि दर्शन पुरी को संस्था का संरक्षक बनाया गया। मौदगिल ने मनोहर लाल खुंगर को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मेहर चंद मुखी, एम.एल. सचदेवा, नरेंद्र वर्मा, पंकज गाबा, राज कुमार, ओम प्रकाश, शशि कपूर, वेद ग्रोवर, गोपाल कृष्ण शंटी, अनिल शर्मा, अमित गर्ग, सुनील अंगीरस, संदीप मरवाह व एस.के. मिश्री इत्यादि भी मौजूद रहे।

### आईएमटी खरखौदा में बनेगा 57 एमएलडी क्षमता का जल उपचार संयंत्र

**चंडीगढ़: सोनीपत** जिले के औद्योगिक मॉडल टाउनशिप खरखौदा में 57 एमएलडी क्षमता का जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) स्थापित किया जायेगा। रविवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए 118 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। इसके अलावा उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 774 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई।

# मार्डन पब्लिक स्कूल का उड़ान वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

## देवा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक देवेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** मार्डन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल के निदेशक एवं देवा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक देवेन्द्र कादियान ने शिरकत की। कादियान का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के निदेशक अशोक वर्मा व मुख्यध्यापिका महक धनखड़ ने पुष्प गुच्छ व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ठ अतिथि प्रयास स्कूल के निदेशक डा. संजय जैन, अमित बत्रा, समाजसेविका शालू वधवा, रजिस्टार डा. मनोज, रामभज वर्मा, राजवर्मा, राकेश सिंधवानी,सुभाष वर्मा, बिरजु पहलवान दातौली ने शिरकत की। स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की मुख्यातिथियों ने सराहना की। मंच संचालन अरूण गोस्वामी, शिक्षिका गायत्री व पूनम ने किया। समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि मार्डन स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही अनुमान लगाया जा सकता है कि स्कूल में छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते है। उनकी संस्था देवा वेलफेयर सोसाइटी भी मेधावी छात्रों के सम्मान हर साल स्कूटी, टैब, साईकिल व अन्य चीजे देकर करती है। सोसाइटी का प्रयास है कि छात्र मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बनाए। इसके अलावा भी सोसाइटी विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा के कार्य कर रही हे। देवेन्द्र कादियान ने छात्रों से आह्वान किया कि वे मेहनत लग्न से शिक्षा ग्रहण करे, जीवन में जरूर सफलता मिलेगी।
प्रयास स्कूल निदेशक अमित बत्रा, समाज सेविका शालू वधवा ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए स्कूल निदेशक का आभार जताया। स्कूल की मुख्याध्यापिका महक धनखड़ ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। निदेशक अशोक वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### '45 एचपी से अधिक क्षमता के ट्रैक्टरों पर मिल रहा अनुदान'

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त कुरूक्षेत्र शान्तनु शर्मा ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए विशेष स्कीम के तहत 45 एचपी अथवा इससे अधिक क्षमता के



ट्रैक्टरों पर 1 लाख रुपए अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए किसान अपने ऑनलाईन आवेदन विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर कर सकते है।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आवेदक किसान का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। किसान के पास कृषि भूमि होना जरूरी है। किसान को आवेदन के लिये परिवार पहचान पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड की आवश्यकता होगी। किसान को यह अंडरटेकिंग भी देनी होगी कि उसने पिछले पांच वर्षों में ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ नहीं लिया है तथा वह अगले पाच साल में इस ट्रैक्टर को बेचेगा नहीं। ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11 मार्च 2024 है। सहायक कृषि अभियन्ता राजेश वर्मा ने बताया कि आवेदनो की संख्या लक्ष्य से अधिक होने पर किसानों का चयन उपायुक्त कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय कमेटी द्वारा ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

# मीमारपुर गांव में राय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** मुरथल स्थित राय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा एसडी पब्लिक स्कूल मीमारपुर में निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आने वाले जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाईयां अस्पताल की तरफ से दी गई। शिविर में राय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के एमडी डा. मनोज राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मनोज राय, बाल रोग विशेषज्ञ डा. त्रिशला राय, महिला रोग चिकित्सक डा. वीना राय आदि ने शिविर में आए हुए लोगों के स्वास्थय की जांच कर दवाईयां दी।



शिविर में ब्लड शुगर, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, बीएमडी आदि की रक्त जांच की गई। इसके अलावा अस्तपाल में रोगियों को निशुल्क इलाज की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। एमडी डा. मनोज राय ने बताया कि अस्पताल में सरकार की तरफ से ग्रामीणों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा देने के लिए शुरू की गई आयुष्मान योजना के पात्रों को उनके अस्पताल में सुविधा दी जाएगी। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. तुषार

**कैंप**

**8 शिविर में ब्लड शुगर की रक्त जांच की गई। निशुल्क इलाज की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए**

राय ने बताया कि उम्र के साथ ही हड्डी के रोग बढ़ते हैं। इसलिए 20 से 40 वर्ष की आयु में अधिक से अधिक कार्य करने के साथ उम्र के साथ ही हड्डी के रोग बढ़ते हैं। इसलिए अधिक कार्य करने के साथ ही सेहत के लिए व्यायाम करें, हड्डी के रोगों से बचाव के लिए शुरू से ही सतर्क रहे, वरना बाद में दवा और आपरेशन ही विकल्प बचता है। डा. वीना राय ने बताया कि महिलाओं को आज के दौर में किसी भी तरह की गुप्त बीमारी को बताने में झिझक न करने की नसीहत दी। बाल रोग विशेषज्ञ डा. त्रिशला ने स्वास्थ्य व स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया। बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने की सलाह दी गई। शिविर की व्यवस्था अस्पताल के स्टाफ व ग्रामीणों ने संभाली।

# नाबालिग बच्चों का अपहरण कर हत्या करने की वारदात में शामिल कलयुगी मां गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सिविल** लाइन सोनीपत पुलिस ने नाबालिग बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित कलयुगी मां को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रूबी निवासी आदर्श नगर सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल दिया। आरोपित ने अपने बच्चों को अपने सहयोगी के साथ मिलकर हत्या करने में भूमिका निभाई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
आदर्श नगर निवासी रूबी ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि मेरा और मेरे पति राहुल का 7 वर्ष पहले तलाक हो चुका है। मेरे पास दो लड़के है, वंश उम्र 10 वर्ष दुसरा यश उम्र 7 वर्ष है। गत 2 फरवरी को अपने बच्चो को वंश व यश को उनके स्कुल नजदीक मुखी हस्पताल मे छोड़कर अपने काम पर चली गई थी। मेरे बच्चे अपने आप स्कूल से घर आ जाते है। देर शाम को छुट्टी करके घर आई तो मुझे मेरे बच्चे घर पर नहीं मिले। मैने स्कूल में मैडम के पास फोन किया तो मैडम ने कहा की वो स्कूल से छुट्टी होने के बाद यहां से जा चुके है। अपने स्तर पर बच्चों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। वहीं 22 फरवरी को ही बच्चों के पिता राहुल पुत्र महक सिंह निवासी विकास नगर, मुरथल रोड, सोनीपत ने नितिन निवासी बरनावा पर अपने दोनों बच्चों को अपहरण कर हत्या करने का शक जताया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित को काबू कर पूछताछ की।
जिसमें उसने दोनों बच्चों की हत्या करने की बात कबूली। आरोपित ने बताया कि दोनों बच्चे स्कूल में जाते है। ऐसे में वह 21 जनवरी को स्कूल के बाहर बाइक लेकर चला गया। वह महिला के घर आता था तो बच्चे उसकी बाइक पर सवार हो गए।

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीसी ने ली बैठक

**फतेहाबादः** उपायुक्त राहुल नरवाल व पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी की अध्यक्षता में रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा सरकार द्वारा किसानों व अन्य सभी वर्गों के लिए चलाई गई अनेक योजनाओं के बारे में भी उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त राहुल नरवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के हित में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें।

# प्रकाश शाह महाराज की स्मृति में 15वां गुरू सुमिरन समारोह मनाया

## भगवान श्री राम के जन्म के पहले ही महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** लल्हेड़ी रोड स्थित वाल्मीकि आध्यात्मिक आश्रम में प्रकाश शाह महाराज की स्मृति में 15वां गुरू सुमिरन समारोह मनाया गया। समारोह मेंपरम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानान्द जी महाराज का आश्रम में पहुंचने पर आश्रम के संचालक रविशाहर महाराज ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल के निदेशक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने शिरकत की। कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह भगवान श्री राम के जन्म के पहले ही महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर दी थी भगवान शंकर के मुख से निकली श्रीराम की यह पवित्र कथा



अध्यात्म रामायण के नाम से विख्यात है। महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत महाकाव्य रामायण की रचना की। परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानान्द जी महाराज ने कहा कि एक बार महर्षि वाल्मीकि नदी के किनारे क्रौंच पक्षी के जोड़े को निहार रहे थे, वह जोड़ा प्रेमालाप में लीन था। तभी एक व्याध ने क्रौंच पक्षी के एक जोड़े में से एक को मार दिया। नर पक्षी की मृत्यु से व्यथित मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप को सुन कर वाल्मीकि के मुख से खुद ही श्लोक निकला, यही महाकाव्य रामायण का

**विख्यात**

**8 कार्यक्रम में बतौर अतिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल के निदेशक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने शिरकत की**

आधार बना। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित पावन ग्रंथ रामायण में प्रेम, त्याग, तप व यश की भावनाओं को महत्व दिया गया है। वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना करके हर किसी को सदमार्ग पर चलने की राह दिखाई। आश्रम के संचालक रविशाह महाराज ने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

# बसपा की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा का गन्नौर में हुआ स्वागत

## हलके के पूर्व बसपा प्रत्याशी जितेन्द्र रंगा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा का गन्नौर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। रथ यात्रा गन्नौर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई सोनीपत के लिए रवाना हुई। यात्रा का गन्नौर में पहुचने पर बसपा के पूर्व प्रत्याशी जितेन्द्र रंगा व भारी संख्या में कार्यकताओं के साथ स्वागत किया। बसपा की यह संविधान बचाओं सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा पार्टी के राष्ट्रीय सहलाकार आकाश आनंद के नेतृत्व में हरियाणा के सभी 22 जिला का दौरा करेगी। जिसका समापन 10 मार्च को होगा। संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा,प्रदेशाध्यक्ष राजबीर



सोरखी, प्रदेश महासचिव राम कुमार सालवान ,प्रदेश सचिव प्रदीप अंबेडकर, प्रवीण फतेहपुरी आदि ने संकल्प यात्रा का नेतृत्व किया। राजबीर सोरखी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई बेरोजगारी हिंसा चरम पर है। सरकार को हरियाणा व देश से युवाओं से कोई सरोकार नहीं है। बहन मायवती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनते ही सर्वसमाज के युवाओं को नौकरियां दी जाएगी ।
पूर्व प्रत्याशी जितेन्द्र रंगा ने पार्टी कार्यकताओं को पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आहवान करते हुए कहा कि 15 मार्च को बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम जयंती में शामिल होंकर बसपा को मजबूत करने का काम करे। भाजपा शासन काल में महंगाई कम होने का नाम नही ले रही है। प्रदेश में दिन प्रतिदिन

**लोकप्रियता**

**8 महंगाई कम होने का नाम नही ले रही है। प्रदेश में दिन प्रतिदिन बसपा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है**

बसपा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओ ने अनेक जगहों पर पार्टी नेताओं के स्वागत में अनेक जगह कार्यक्रम रखे थे। इस अवसर पर काफिले के साथ प्रदेश सचिव आजाद सहरावत जिलाध्यक्ष सोनीपत नरेश लाठी, धर्मबीर सरोहा, अनिल कलसान सरिता ग्रोवर आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

# दसनाम गोस्वामी समाज सभा की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हरियाणा दसनाम गोस्वामी समाज सभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक निक्की ऑयल मिल गांव दातौली में हुई। जिसमें राज्य कार्यकारिणी की तरफ से विक्रम गिरी पानीपत, प्रवेश गिरी करनाल, राजेंद्र गोस्वामी सोनीपत पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। प्रधान व एडवोकेट सतेन्द्र गिरी गोस्वामी ने सभी का स्वागत किया। बैठक में जिलाध्यक्ष व कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में 16 गांव के गोस्वामी बिरादरी के सम्मानित सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से हरबीर गिरी दतौली को जिला प्रधान बनाया गया। सर्वसम्मति से चतर सिंह गिरी खेड़ी



गुज्जर, धर्मवीर गिरी को बनाया गया महासचिव संजय गिरी बड़ी को बनाया गया, सचिव राजवीर पूरी शाहपुर तगा व विनोद गिरि खेड़ी तगा को बनाया गया। सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष के लिए डा. प्रीतम गिरी गांव दतौली को बनाया गया। इसके अलावा 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में हरियाणा दसनाम गोस्वामी महासभा के प्रधान सुरेंद्र गिरी, महासचिव जयपाल गिरी, कोषाध्यक्ष कृष्णागिरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सचिव जिले सिंह गिरी, सतीश गिरी, रामभज गिरी, प्रदीप गिरी, कृष्णागिरी, अरुण सागर, चतरागिरी संजय गिरी,प्रताप गिरी ,विनोद गिरि, श्रीपाल गिरी ,प्रीतम पहलवान ,जसवीर गिरि, विनोद गिरि, बंसी गिरी ,राजवीर गिरी आदि समाज के सदस्य मौजूद थे।

न्यूज फ्लैश

## पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 का औपचारिक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत ने शनिवार को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाने के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लिया। खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं की थाना में क्राईम मिटींग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र, किशनपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई प्रमोद, एसपी रिडर एएसआई सुभाष व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मिटींग में सर्वप्रथम कानून एंव व्यवस्था व दर्ज मूकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पति जब्त करने की प्रक्रिया को अमल में लाए। महिला विरूध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिए की थाना, चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। आपराधिक प्रकार की घटना घटीत होने की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त व नाकाबंदी कर आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाए। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

## चोरी के दो-पहिया वाहन सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** पीओ स्टाफ सोनीपत पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित व सोभित निवासी बवाना दिल्ली का है। जांच अधिकारी नवदीप ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान दिल्ली खरखौदा बाइपास के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम को दो युवकों के चोरी की बाइक सहित आने की सूचना मिली। टीम ने रोहित निवासी इश्वर कॉलोनी व सोभित निवासी कंझावला रोड का है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक को कंझावला से चोरी हुआ पाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मेयर शक्तिरानी शर्मा ने तीन सिलाई सेंटरों का किया शुभारंभ

### सिलाई सीखना के बाद काम करते हुए परिवार को आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवा सकती हैं: मेयर

चैरिटेबल

8 र्यक्रम में सिलाई का कोर्स करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए





**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पंडित केदारनाथ चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई गई महिम के तहत अंबाला के अलग-अलग गांव में सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई और सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान अंबाला के गांव लदाना, चौड़मस्तपुर, मटेहड़ी शेखा में सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान गांव नडियाली में आयोजित किए गए कार्यक्रम में सिलाई का कोर्स करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस दौरान उन महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गई, जिनकी हाजिरी सबसे ज्यादा रही। इस अवसर पर अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह सिलाई सेंटर खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सिलाई सीख कर अपने घर के छोटे-मोटे कम कर सकते हैं और वही सिलाई सीखना के बाद काम करते हुए परिवार को आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवा सकते है।

उन्होंने कहा कि इसी बात को देखते हुए यह सिलाई सेंटर खोले गए हैं ताकि ग्रामीण एरिया में भी महिलाएं घर पर फ्री समय में काम करके आर्थिक तौर पर मजबूत हो सके। शक्तिरानी शर्मा ने महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाने की सलाह दी और कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप बनने के बाद आप लोकल के साथ साथ बाहर से भी काम लेकर कर सकती हैं। इतना ही नहीं सेल्फ हेल्प ग्रुप को सरकार भी स्पोर्ट करती है। वही गांव लदाना में मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बच्चों के साथ किए गए वादे को पूरा किया और उन्हें खेलने के लिए क्रिकेट किट उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर सुखजंत सिंह छोटा चेयरमैन, सुखचैन सिंह बलाना, टेकचंद शर्मा, जगविंद्र सिंह नंबरदार, वीके शर्मा, विनय बक्शी, रविंद्र सौड़ा, घनश्याम शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अशोक कुमार, डीके मंगला, चांदनी पुरी, सुखदा, लदाना से सुरेश शर्मा, अमन कुमार, प्यारा लाल जांगड़ा, राजकुमार, कुलबीर सिंह, अमर शर्मा, चौड़मस्तपुर से जीवन शर्मा, अशोक शर्मा, अवतार सिंह, बहादुर सिंह, मटेहड़ी शेखा पूर्व सरपंच गुरचरण लाल गुलाटी, डॉ. ईश्वर, सरदार तारा सिंह, बलविंद्र सिंह, नडियाली से मनेजर सिंह, अजैब सिंह, लवली, गुरजीत नंबरदार, दलबीर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अफीम की खेती करने वाला आरोपी सर्वजीत गिरफ्तार



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 8 मार्च 2024 को थाना नारायणगढ क्षेत्र गाँव लाहा से अफीम के पौधे उगाने के मामले में सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने मुकदमा नम्बर 76 दिनांक 8 मार्च 2024 धारा 18 एनडीपीएस एक्ट थाना नारायणगढ में दर्ज करके उप निरीक्षक बलकार सिंह के नेतृत्व तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सर्वजीत सिहँ निवासी गाँव गावँ लाहा जिला अम्बाला को 190 हरे पौधे अफीम जिनका कुल वजन (4 किलो 150 ग्राम) सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसको आज माननीय न्यायालय न्यायिक हिरासत भेजा गया।

सीआईए-शहजादपुर पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी सर्वजीत सिह ने बिना अनुमति के अपने घर के आंगन में अफीम के पौधे उगा रखें है। जो इन पौधो को जल्दी ही खुर्द-बुर्द कर सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना नारायणगढ़ क्षेत्र गाँव लाहा में आरोपी के घर पर छापेमारी की और छापेमारी के दौरान आरोपी सर्वजीत सिहँ निवासी गावँ लाहा जिला अम्बाला के घर के आंगन से अफीम के 190 हरे पौधे जिनका कुल वजन (4 किलो 150 ग्राम) सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज किया। मामले में अनुसंधान जारी है।

शिकंजा

8 आरोपी सर्वजीत सिह ने बिना अनुमति के अपने घर के आंगन में अफीम के पौधे उगा रखें है

# अधिवक्ता के बंद घर से सोने की ओम व चांदी के आभूषण चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र के गढ़ी ब्राह्मण स्थित अधिवक्ता के मकान से सोने व चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। घर पहुंचने पर चोरी का पता लगा। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

गढ़ी ब्राह्मण निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह अदालत सोनीपत में अधिवक्ता के तौर पर प्रेक्टिस करता है। वह अपने चार भाइयों के साथ इक्ट्ठा रहता है। उसका एक मकान गांव के बीच में आ रहा है। जिसमें शादी का सामान व पत्नी का सामान रखा हुआ है। गत 29 नवंबर को उसकी पत्नी को लड़का हुआ है। उसकी पत्नी गांव में अपने मकान में रहते है। जिसका ताला बंद कर रखा था। गत 7 मार्च की रात को मकान का ताला तोड़कर घर में रखे चांदी के गहने व सोने का ओम वजन करीब एक ग्राम और चांदी 15 तोले का चोरी हुआ मिला।

# कुवि कुलपति ने डॉ. देवेंद्र बीबीपुरिया के एलबम विघ्न विनाशक का किया लोकार्पण

विमोचन

8 पंजाबी विभाग के शिक्षक डॉक्टर देवेंद्र बीबीपुरिया के इस धार्मिक गीत के लोकार्पण पर बधाई दी



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने पंजाबी विभाग में कार्यरत डॉ. देवेंद्र बीबीपुरिया के धार्मिक गीत विघ्न विनाशक विघ्न हरो जी का लोकार्पण किया। उन्होंने इस भजन के गायक एवं कुवि के पंजाबी विभाग के शिक्षक डॉक्टर देवेंद्र बीबीपुरिया के इस धार्मिक गीत के लोकार्पण पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज के दौर में इस तरह के धार्मिक गीतों का विशेष महत्व है। इस तरह के गीत मशीनी दौर की इस अंधी दौड़ में दौड़ते हुए और दिनों दिन मशीन बनते जा रहे मनुष्य के मन को शांति प्रदान करते हैं। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने डॉ. देवेंद्र बीबीपुरिया को गीत के लिए बधाई दी व आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। गायक देवेंद्र बीबीपुरिया ने गीत के बारे में बताते हुए कहा कि ये गीत गणेश वंदना है जिसमे विघ्न हर्ता श्री गणेश जी महाराज की स्तुति की गई है। उन्होंने इस गीत का सारा श्रेय पर्दे के पीछे छुपी हुई टीम को देते हुए बताया कि गीत के बोल लवप्रीत शर्मा ने लिखे हैं। गीत का संगीत परषोत्तम भंगर और इसका वीडियो मुनीश ठुकराल ने किया है। इस गीत को आदि गोरी चैनल पर रिलीज किया गया है ।गीत के लोकार्पण के मौके पर उपस्थित पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह एवं डॉ गुरप्रीत सिंह ने भी गीत के लोकार्पण पर बधाई दी। जीव विज्ञान के अध्यक्ष डॉ दीपक राय बब्बर ने गीत की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए डॉ देवेन्द्र बीबीपुरिया को साहित्य एवं संगीत का संगम बताया। मौके पर उपस्थित डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक गीत समाज और नयी पीढ़ी को सही दिशा प्रदान में सहायक सिद्ध होते हैं

# निशुल्क आंखों का कैंप लगा, लोगों ने लिया डॉक्टरों से परामर्श

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** गांव जौरासी में जय हिंद कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष व ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान त्रिलोक शर्मा जौरासी और पूर्व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी ने अपने पिता स्वर्गीय पंडित ईश्वर दत्त की याद में निशुल्क आंखों का कैंप निजी स्कूल जौरासी में लगवाया जिसमें पानीपत से साध्वी जैन हॉस्पिटल से डॉक्टर गौरव कुमार आई स्पेशलिस्ट और उनकी टीम ने 300 के करीब मरीजों की आंखों की जांच की डॉ त्रिलोक शर्मा ने कहा हमने अपने स्वर्गीय पिता की याद में यह आंखों का कैंप फ्री में लगवाया है जिसमें सभी मरीजों की आंखों की जांच फ्री होगी और जिनके आंखों के ऑपरेशन होने हैं वह भी फ्री में करवाए जाएंगे पूर्व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा ने कहा गांव में आंखों की बीमारी से बहुत ज्यादा लोग परेशान रहते हैं और मेडिकल सुविधा के अभाव में चेकअप नहीं करवा पाते इसलिए हमने गांव में निशुल्क आंखों का कैंप लगवाया है मास्टर राकेश गाहल्याण ने कहा डॉ त्रिलोक शर्मा व अशोक शर्मा ने अपने पिता की याद में निशुल्क आंखों का कैंप लगवाकर यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया है डॉक्टर त्रिलोक शर्मा और अशोक शर्मा ने डॉक्टर गौरव कुमार को पगड़ी और मोमेंटो से स्वागत किया इस मौके पर संजय शर्मा सुनील शर्मा प्रेम शर्मा रामकरण शर्मा सुरेश सूबे सिंह कृष्ण शर्मा अजय शर्मा आदि मौजूद थे



याद किया

8 स्वर्गीय पिता की याद में यह आंखों का कैंप फ्री में लगवाया है जिसमें सभी मरीजों की आंखों की जांच फ्री होगी

# 23वीं जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का हुआ समापन

**समालखा ( कुलदीप सिंह ):** जिला खो खो संघ पानीपत द्वारा 10 मार्च को कन्या स्कूल के खेल मैदान गांव मनाना में 23वीं जिला स्तरीय खो खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में जिला पानीपत के विभिन्न गांवों और स्कूलों से 15 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल सरिता बॉयज स्कूल मनाना द्वारा किया गया जिला खो खो संघ के प्रधान नवीन सैनी ने खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा दी इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग मनाना प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज पानीपत द्वितीय गांव आटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में गांव मनाना प्रथम देवीलाल कॉलेज सिवाह द्वितीय तथा जिनवाणी स्कूल पानीपत ने तृतीय स्थान हासिल किया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के किया गया है जिला खो खो संघ के सचिव रविंद्र सिंह ने बताया की 23 से 24 मार्च 2024 को गांव मनाना में 43 वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाना है आज इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर भाग लेंगे इस अवसर पर ईश्वर सरोज मुकेश सविता वीरेंद्र डीपी नवनीत पीटीआई आजाद पीटीआई महेंद्र सिंह पीटीआई राहुल करनाल आदि ने भाग लिया तथा प्रतियोगिता के दौरान मुकेश,दिनेश शशि आदि ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई।



संपन्न

8 विभिन्न गांवों और स्कूलों से 15 टीमों ने भाग लिया, प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल द्वारा किया गया

## ग्रुप-डी में चयनित युवाओं ने किया हंगामा

**फतेहाबाद: हाल** में ही घोषित हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के परिणाम के बाद ग्रुप-डी में चयनित युवाओं का हुजूम दूसरे दिन रविवार को भी नागरिक अस्पताल में उमड़ा। मेडिकल करवाने के बाद सिविल सर्जन कार्यालय से प्रमाण पत्र न मिलने पर गुस्साए युवाओं ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद युवाओं ने सीएमओ कार्यालय के बाहर हिसार-सिरसा रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस टीम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहना था कि शुक्रवार से मेडिकल करवाने के लिए घूम रहे है।

# सरकार ने कर्मचारियों व हर वर्ग की मांगों को किया पूरा: सुधा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों, चौकीदारों के साथ साथ हर वर्ग के लोगों की मांगों को पूरा करने का काम किया है। सरकार ने चौकीदारों के मानदेय को 7 हजार से बढ़ाकर 11 हजार रुपए करने का काम किया है।विधायक सुभाष सुधा रविवार को सैनी समाज में हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले राज्य प्रधान बुध राम, उप-प्रधान धर्मपाल भाटी, महीपाल, सचिव रमेश पलवल, मीडिया प्रभारी सतपाल टीक, सतबीर, हरदयाल, जय भघवान, जसमेर सिंह, सोनू नरवाना, सावन जींद, हरजिंद्र व रामरती ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधायक सुभाष सुधा का मानदेय बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सरकार के नाम विधायक को एक मांग पत्र भी सौंपा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी कर्मचारियों व अन्य लोगों की मांगों को हमेशा पूरा किया है।



# विधायक महिपाल ढाड़ा ने किया नूरवाला में शिरोमणि सैन धर्मशाला का उद्घाटन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत ग्रामीण क्षेत्र के विधायक महिपाल ढ़ाड़ा और युवा सैन एकता मंच रजि. संस्थापक स्वामी नरेशानंद सेनाचार्य भारत की अगुवाई में नूरवाला के वार्ड नं 2 की इंदिरा विहार कॉलोनी के अंदर शिरोमणि सैन जी महाराज की धर्मशाला के लिए जगह दी । धर्मशाला के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया । पानीपत जिलें के समस्त सैन परिवार ने पुष्प वर्षा और मालाओं के द्वारा विधायक जी का स्वागत किया । विधायक जी ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के बाद इस धर्मशाला का निर्माण भव्य तरीके से किया जाऐगा । मौके पर उपस्थित समस्त सैन परिवार के लोगों के इस सैन धर्मशाला के लिए बहुत बहुत आभार और धन्यवाद प्रकट किया । सैन समाज के स्वामी नरेशानंद सेनाचार्य भारत के कहा कि भविष्य में इस धर्मशाला का उपयोग समाज के सामाजिक कार्यों जैसे सतसंग प्रवचन और समस्त समाज की बेटियों के विवाह के लिए किया जाऐगा । इस मौके पर मास्टर विनोद जी, नकली सैन , रमेश सैन अहरिया प्रवक्ता हरियाणा , पम्मी लाकड़ा , निरू सैन , रामेश्वर सैन , बी ठाकुर ( प्रदीप ) , राजेंद्र सैन , सुखदेव सैन डोलिया , सुरेंद्र काकराण व युवा सैन एकता मंच रजि. के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे ।



# आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय ऋषि जन्मोत्सव व बोधोत्सव का समापन

### महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के दिखाएं और बताएं रास्तों का करना चाहिए अनुसरण : संदीप गर्ग

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** लाडवा पिपली मार्ग पर स्थित आर्य समाज मंदिर में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय ऋषि जन्मोत्सव एवं बौधोत्सव का समापन रविवार को हुआ। जिसमें भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की।

आर्य समाज मंदिर के प्रधान अनिल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 8 मार्च से 10 मार्च तक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय ऋषि जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता आचार्य राजू वैज्ञानिक दिल्ली, भजनोंपदेशक सुमित आर्य सहारनपुर एवं वेद पाटी विक्रमादित्य पुरोहित ने प्रतिदिन सुबह-सांय के समय अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। वही मौके पर पहुंचे भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के दिखाई मार्ग पर चलना चाहिए और उनके दिखाएं और बताएं रास्तों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों के अंदर अपने बच्चों को विदेश भेजने की बहुत ज्यादा होड़ लगी हुई है जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अब हमें अपने बच्चों को विदेश न भेज कर अपने देश में ही कार्य करवाना चाहिए। इससे पूर्व आर्य समाज मंदिर के पदाधिकारी द्वारा भाजपा नेता संदीप गर्ग को पटका पहना कर व समृति चिनह देकर सम्मानित किया गया। वही दयानंद जयंती के अवसर पर एक हवन यज्ञ भी किया गया और दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुखविंदर आर्य, रतन कुमार आर्य, जय कृष्ण आर्य, अरविंद सिंघल, जयदेव, बृजभूषण, रविंद्र बंसल, ईश्वर चंद, सुभाष जिंदल, सुनील आर्य, अजय सिंघल, राजीव आर्य, सुमित गर्ग, रोहित गर्ग, राकेश गर्ग, कविता गोयल, शोभा, पूजा, भावना, सोनिया आदि उपस्थित थे।



जन्मोत्सव

8 पुरोहित ने प्रतिदिन सुबह-सांय के समय अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया

# आदर्श नगर का मुख्य द्वार अब संतलाल गुप्ता के नाम से जाना जायेगा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आदर्श नगर के मुख्य द्वार का नामकरण आज 'संतलाल गुप्ता' के नाम पर किया गया। आज से यह द्वार संत लाल गुप्ता द्वार के नाम से जाना जायेगा। इस मौके पर दिल्ली नगर निगम की महापौर शैली ओबरॉय, आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, दिल्ली नगर निगम नेता सदन और क्षेत्रीय पार्षद मुकेश गोयल, आप नेता गुरमीत अरोड़ा, केवल पार्क के प्रधान अरविंद मूलचंद सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली नगर निगम के नेता सदन मुकेश गोयल की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। इस दौरान कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और संतलाल गुप्ता के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर स्थानीय निवासियों के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**विचार...**

8 कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और प्रसिद्ध समाजसेवी संतलाल गुप्ता के जीवन पर भी प्रकाश डाला।


**शैली ओबरॉय, महापौर, दिल्ली नगर निगम:** मुकेश गोयल को निगम में भीष्म पितामह कहते है, उनके वॉर्ड में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है। मुझे इस द्वार का उद्घाटन करते हुए बहुत ही हर्ष हो रहा है।


**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श विधानसभा क्षेत्र:** मुझे आज बहुत खुशी है कि आज आदर्श नगर के द्वार को संत लाल गुप्ता के नाम पर रखा गया है। पार्षद मुकेश गोयल के कार्यकाल में ऐसे और भी विकास के काम होते रहेंगे।


**मुकेश गोयल, नेता सदन:** समाजसेवी संत लाल गुप्ता बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे। समाज के कामों के लिए संतलाल जी सदैव आगे रहते थे। आज उनके नाम पर आदर्श नगर के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया है। मैं यहां पर उपस्थित सभी लोगों को बधाई देता हूं।


**गुरमीत अरोड़ा, आप नेता:** आज आदर्श नगर के लोगों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। आज प्रसिद्ध समाजसेवी के नाम पर आदर्श नगर के द्वार का उद्घाटन किया गया। मैं सभी जनता को तरफ से विकास पुरुष मुकेश का धन्यवाद करता हूँ।


**मास्टर जय किशन गोयल, प्रसिद्ध समाजसेवी :** आज बहुत खास दिन है। आज मेरे बड़े भाई संत लाल गुप्ता को 13 साल बाद नगर निगम की तरफ से सम्मान दिया जा रहा है। मैं निगम पार्षद मुकेश गोयल का दिल से धन्यवाद करता हूं।





# मॉडल टाउन: जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट की रसोई में मनाई गई पूर्व स्वतंत्रता सेनानी मामनचंद की पुण्यतिथि






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मॉडल टाउन में कई सालों से चलाई जा रहीं जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट की रसोई में आज पूर्व स्वतंत्रता सेनानी मामनचंद गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई गई और ट्रस्ट के सभी लोगों ने मामन चंद गुप्ता को श्रद्धासुमन अर्पित किए, उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए।

जानकारी के लिए बतां दें कि सालों से जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रसोई चलाई जा रहीं है और मात्र 10 रूपए में गरीबों असहाय लोगों के पेट भरने का काम कर रहीं है। **मनाई गई मामन चंद गुप्ता की पुण्यतिथि:** इस मौके पर ट्रस्ट की रसोई द्वारा पूर्व स्वतंत्रता सेनानी मामन चंद गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई गई और ट्रस्ट के सभी लोगों ने मामन चंद गुप्ता को श्रद्धासुमन अर्पित किए, इस दौरान ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता, मामन चंद गुप्ता के सुपुत्र बृज किशोर गुप्ता, हरी किशोर गुप्ता, तरुण गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, संजय सहगल, संजीव शर्मा, आशीष गुप्ता, रमेश जैन,मुकेश सूर्य, मुकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सैंकड़ों की तादात में लोग रहे मौजूद:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि वैसे तो हर रविवार को लोगों की संख्या बढ़ती ही जाती है और इस रविवार को भी सैकड़ों की तादात में लोगों ने भंडारा खाया। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता ने बताया कि उनकी ट्रस्ट काफी लंबे समय से प्रत्येक रविवार को रसोई चला रही है, जिसमें मात्र 10 रूपए में भूखे गरीबों का पेट भरने का काम कर रहीं है।

# संगम पार्क वार्ड: जनता की समस्याओं का होगा समाधान: खण्डेलवाल

## संगम पार्क वार्ड में कई विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ, लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के लाल बाग व संगम पार्क इलाके में निगम पार्षद सुशील जोंटी की अध्यक्षता में कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर चांदनी चौक लोक सभा भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा नेता अशोक गोयल, जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मॉडल टाउन निगम पार्षद विकेश सेठी के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का पार्षद सुशील जोंटी ने स्वागत किया। इस अवसर पर चांदनी चौक लोक सभा भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया और कहा कि मैं आप सभी से वादा करता हूं आप सभी की समस्याओं का समाधान होगा। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। आपके इलाके में समुदायिक भवन का निर्माण भी करवाया जायेगा। साथ ही अन्य जो भी जनहित के कार्य है वह किये जायेगें। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से चांदनी चौक लोक सभा भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत किया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि आज कौशलपुरी में 22 सीटर शौचालय का निर्माण कार्य का शुभारंभ के अलावा शनि मंदिर लाल बाग में पुरूष पेशाब घर का निर्माण, लाल बाग मस्जिद के पास शौचालय का निर्माण, चौकी नम्बर-4 गैस गोदाम के पास शौचालय का निर्माण, ए ब्लॉक शिव मंदिर से पेट्रोल पंप तक नाले का निर्माण, झंडे वाला चौक स्कूल के पास प्रे-ग्राउंड का निर्माण, रामलीला पार्क लाल बाग, ए/बी-ब्लॉक पार्क संगम पार्क सेमी हाईमास्क लाईट का निर्माण और मंदिरों एवं पार्कों में बैंच की व्यवस्था का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल यादव, वीरपाल मंडल अध्यक्ष, संतोष उपाध्याय, सन्नी जेदिया, हरीबाबू, देवेंदर सिंह, डॉ एम एस खान, फूलवती देवी, रंजना, मिथलेश, मूवीन, विकास, रंजना, किशन कालू, शेरसिंह, मौसम पुनिया, सोनपाल, वीरेंदर यादव, अनिल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।








# क्लर्कों की 35400 की मांग को जल्द पूरा करें खट्टर सरकार: अनुराग ढांडा

विरोध प्रदर्शन

8 *क्लर्कों के राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन में पहुंचे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा*




**जींदटीम एक्शन इंडियां/**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को जींद के हुड्डा ग्राउंड में क्लर्कों के राज्य स्तरीय 21700 विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मैं लगातार क्लर्कों के 35400 के हक में आवाज उठाता रहा हूं। क्योंकि आपकी मांग जायज है और लोकतंत्र में अगर वाजिब बात कही जाए तो उस बात का महत्त्व होता है। आपने पहले दिन से ही जो तर्क बनाया कि आपको क्यों 35400 मिलने चाहिए और जो आपने बताया कि आपको क्या क्या काम करने पड़ते हैं। उसके हिसाब से भी आपकी मांग जायज थी।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं और जब हम विरोध प्रदर्शन कर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग को उठाते हैं। तो सरकारों को वो मांगे माननी पड़ती हैं और यही लोकतंत्र की पहचान है। लेकिन हाल फिलहाल में हम देश में ऐसी सरकार देख रहे हैं जो किसी की भी मांग मानने को तैयार नहीं है। इस संघर्ष में क्लर्क अकेले नहीं हैं, सरपंचों, महिलाओं और ओपीएस की मांग कर रहे कर्मचारियों पर लाठियां बरसाई जाती हैं। इसके अलावा किसानों के रास्ते में कीलें ठोक रखी हैं। इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे मांगने में वो जोर नहीं है। इसका मतलब ये है कि इस सरकार का लोकतंत्र और जनता के राज में विश्वास नहीं है। भाजपा देश को तानाशाही की तरफ ले जाना चाहती है।

उन्होंने कहा पूरे देश ने देखा कि इस भाजपा सरकार ने किस प्रकार से चंडीगढ़ में खुली लूट करके अपना मेयर बनाना चाहती थी और जिस प्रकार से कल चुनाव आयोग के सदस्य ने चुनाव से ठीक पहले इस्तीफा दिया, सिर्फ चुनाव आयुक्त को छोड़कर दो इस्तीफा दे चुके हैं। इसका मतलब सरकार सारी संस्थाओं को काबू करने देश में तानाशाही लाना चाहती है। जब तानशाही आ जाएगी तो कोई सड़क पर खड़ा होकर कोई चिलाता रहे किसी की नहीं सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 400 पार का नारा दे रही है लेकिन इनकी सभाओं में 400 लोग भी इक्कठा नहीं होते। उन्होंने कहा कि आप 35400 की लड़ाई लड़ना चाहते हो तो लोकसभा चुनाव में अपनी ताकत को दिखाना होगा।

# मुख्य सचिव ने छावनी में किया विजिट

विजिट

8 उन्होंने मॉडल के माध्यम से टर्मिनल भवन के साथ जो कार्य पर होंगे उसकी जानकारी हासिल की।

**मनीष कुमार**
**अम्बालाटीम एक्शन इंडियां/**
नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने अम्बाला छावनी में एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक बन रहे सिविल एन्क्लेव भवन से सम्बन्धित यहां पर चल रहे कार्यों का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विजिट किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा. शालीन विशेष तौर पर मौजूद रहे।



अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने विजिट के दौरान उपायुक्त से इंटर टर्मिनल भवन के निर्माण से सम्बन्धित जो कार्य चल रहे हैं, उसकी जानकारी हासिल की। इसके साथ-साथ यात्रियों के लिए यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी तथा उसके साथ-साथ जो रनवे का प्रयोग किया जायेगा उसके बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने मॉडल के माध्यम से टर्मिनल भवन के साथ-साथ जो कार्य यहां पर होंगे उसकी जानकारी हासिल की। यहां पर उन्होंने पार्किंग स्पेस की भी व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि टर्मिनल भवन के साथ-साथ जिस विंग द्वारा इस निर्माण कार्य से सम्बन्धित कार्य जैसे बिजली का, पेयजल व्यवस्था का, सीवरेज का या अन्य जो कार्य किए जाने हैं, उस कार्य को भी बेहतर समन्वय के साथ करवाना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा का बेटा और हरियाणा का बटेऊ हरियाणा के वफादार है तो र छ नहर का निर्माण करवाकर पानी दें - जयहिन्द



जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने रविवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को र छ के मुद्दे पर घेरा` जयहिंद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अपने आप को हरियाणा का बेटा कहते है तो हरियाणा को हक का पानी को नहीं दिला रहे है ` र छ के पानी पर एक शब्द भी क्यों नहीं बोल रहे है` क्या हरियाणा का बेटा और हरियाणा के बटेऊ को र छ पर बोलना नहीं चाहिए ?
जयहिन्द ने कहा कि क्या दोनों मुख्यमंत्री अपने पीने का पानी भी दिल्ली या पंजाब से लेकर आए है? पानी तो हरियाणा का ही पियेंगे।
हिसार एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद एक गावं की जयहिन्द ने एक जोहड़/झील का दृश्य दिखाते हुए बताया कि हरियाणा में किस कदर पानी की कमी है जिससे यह जोहड़/झील बिल्कुल सूख चुकी है। भूमिगत जल का स्तर पाताल में जा चुका है`
हरियाणा की 70 प्रतिशत जनता जहरीला पानी पीती है और किसानों की 10 लाख एकड़ जमीन बंजर पड़ी है। जयहिन्द ने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय दे चुकी है कि पंजाब सरकार र छ नहर का निर्माण करवाए अगर पंजाब सरकार नही करवाती है तो केंद्र सरकार करवाए और अगर इन दोनों में से कोई नही करवाता है तो सुप्रीम कोर्ट खुद करवाएगी।
जयहिन्द ने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपके पास आता है तो यह आपका कर्तव्य बनता है कि आप उनसे र छ, फैमिली आईडी में गड़बड़ी, बीपीएल कार्ड, रोजगार को लेकर उनसे जरूर सवाल पूछने चाहिए। अगर वो आपके सवालों का जवाब दें तो बेशक उन्हें फूलो की माला पहनाओ, वरना आप उन्हें जूतों की माला भी पहना सकते है।

### झूठे वादों के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है कांग्रेस, जबकि भाजपा का उद्देश्य विकास है : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अंबाला में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से स्पष्ट है कि जनता भाजपा के 400 पार के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाएगी और प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलेगा। श्री सैनी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस झूठे वादों के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है। कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन गरीबों के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस राज में गरीब वोट देकर सरकार को ढूंढता था और सरकार दिखाई नहीं देती थी। श्री सैनी ने कहा कि अब मोदी और मनोहर सरकार गांव-गांव जाकर गरीबों को सरकार की योजनाओं से जोड़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का काम झूठ की राजनीति करना है, जबकि भाजपा का उद्देश्य देश और प्रदेश का विकास करना है।
नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के ग्रामीण अर्थतंत्र और जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाने और पिछले 10 साल में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। मोदी सरकार में अब भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय की भावना से 10 साल से गरीबों की सेवा कर रही है। मूलभूत सुविधाएं घर-घर देकर जीवन सरल बनाने का काम मोदी और मनोहर सरकार ने किया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोदी-मनोहर सरकार ने अनेक काम किए हैं। युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है।
नायब सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार किसान हित की सरकार है। भाजपा ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं शुरू की हुई है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में देश और प्रदेश के किसान समृद्ध होने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गरीब कल्याण की नीतियों से सरकार गरीबों का सहारा बनी है।

## खरखौदा के वार्ड 5 की टीम 82 रन विजयी हुई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
खरखौदा में रविवार को बिरला इंटरनेशनल स्कूल मे हुए खरखौदा टी-20 क्रिकेट टुनार्मेंट मे पहला मैच वार्ड 5 और वार्ड 8 की टीम के बीच हुआ। खरखौदा के वार्ड 5 की टीम 82 रन विजयी हुई। कुलदीप दहिया ने दोनों टीमो का टॉस कराया जो कि वार्ड 8 की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।
पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 8 की टीम ने 14.3 ओवर मे सभी विकट खोकर कुल 76 रन बनाए। वार्ड 5 की टीम 4 विकेट पर 13.5 ओवर मे ही 82 रन बनाकर विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच का खिताब नवीन दहिया द्वारा अंकित को दिया गया ।

# कैलाश विजयवर्गीय और नायब सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद

संवाद

8 प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जटिल समस्याओं को अपने मजबूत इरादों से सुलझाया : विजयवर्गीय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
अंबाला में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कार्यकताओं से सीधा संवाद किया। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मजबूत इरादों से पिछले 10 सालों में देश की जटिल से जटिल समस्याओं को भी सुलझाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का



माहौल भाजपा के पक्ष में है और हरियाणा की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी मोदी और मनोहर सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने का कार्यकर्ताओ से आह्वान किया। नायब सैनी ने कांग्रेस पर वार किया और कहा कि कांग्रेस को गरीबों के वोट से तो मतलब है, गरीबों की समस्याओं और दुखों से नहीं। इस सम्मेलन में कलस्टर प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, हरियाणा चुनाव प्रबंधन समिति के सह-संयोजक विधायक असीम गोयल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक पवन सैनी आदि नेताओं ने कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया। यहां राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को चुनावी मैदान में जीत के मंत्र भी दिए और हर बूथ जीतने के लिए मेहनत को बढ़ा देने का आह्वान भी किया।रविवार को अंबाला की अनाजमंडी में अंबाला के बूथ स्तर के कार्यकताओं का सम्मेलन किया गया जिसमें कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश की जनता को कंफ्यूज करने का प्रयास कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। सम्मेलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस सालों में जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान किया है। करतारपुर कॉरिडोर का रास्ता खुलवाया, वहीं अफगानिस्तान में गुरुद्वारा पर हमला हुआ तब गुरूग्रंथ साहिब को सुरक्षित भारत लाने का काम मोदी सरकार ने किया। यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को सुरक्षित लाया गया।

# रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल के शिविर में 134 यूनिट रक्त एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल के द्वारा रविवार को जीटी रोड चौक पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन क्लब की डीजीएन अमिता महेंद्रू ने किया। रक्तदान शिविर मे 134 रक्तदाताओं ने उत्साह से रक्तदान किया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को नई जिंदगी मिल सकती है। रक्तदाता भी सुरक्षित रहे इसी के दृष्टिगत क्लब द्वारा उन्हें सम्मान के तौर पर हेलमेट भेंट किए गए। शिविर में हैदराबादी अस्पताल पानीपत की टीम ने अपना सहयोग दिया। शिविर की



व्यवस्था प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेंद्र लाकड़ा, मोहनपाल, नितिन जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, अजय जैन, हिमांशु जैन आदि ने संभाली।

## धर्म परिर्वतन नहीं हृदय परिवर्तन करें: प्रकाश साह

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
गन्नौर लल्हेड़ी रोड स्थित भगवान वाल्मीकि आध्यात्मिक आश्रम में रविवार को परम पूज्य प्रकाश साह की पावन स्मृति में रवि साह महाराज के पावन सान्निध्य में 15वां गुरु सुमिरन समारोह में उनके आदर्श, उनकी शिक्षा धर्म परिवर्तन नहीं हृदय परिवर्तन करने का संदेश दिया। इसको जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।
बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि गुरुओं से आशीर्वाद जीवन को संवारता है। गुरु संगत से मनुष्य सदगुणों से अलंकृत होता है। युवा देश की रीढ़ है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहे हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है।

# भाजपा सरकार ने टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया है: बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीनियर प्रवक्ता व जिला प्रभारी बजरंग गर्ग ने
कांग्रेस नेताओं की मीटिंग लेने के उपरांत कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि देश व प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से देश व प्रदेश में बेतहाशा बेरोजगारी व महंगाई बड़ी है। भाजपा ने २०१४ में नारा दिया था कि बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार। भाजपा ने कहा था हमारी सरकार आने पर रसोई गैस सिलेंडर २५० रुपए कर देंगे जो आज लगभग ९०० रूपए हो गया है। ३५ रूपए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल देने का वादा करके ९० रूपए प्रति लीटर से ज्यादा पेट्रोल-डीजल कर दिया है। हर साल २ करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा, हर व्यक्ति के खाते में १५-१५ लाख रुपए देने का वादा किया लेकिन सभी वादे भाजपा सरकार के झूठे सिद्ध हुए हैं। इतना ही नहीं भाजपा सरकार ने महंगाई व बेरोजगारी पर अंकुश लगाने की बजाएं देश व प्रदेश की जनता के साथ सिर्फ जुमलेबाजी करने का काम किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा ने किसान की आय दोगुना करने का वादा किया था। किसान की आए तो २ गुना की नहीं मगर किसानों के खर्चे जरूर दोगुना कर दिए। आज खाद, बीज, दवाई, डीजल, ट्रैक्टर, मशीनरी पार्ट्स आदि हर सामान की कीमत पहले से दोगुना हो चुकी है। यहां तक की नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके किसान व आम जनता की जेबों में डाका डालने का काम भाजपा सरकार ने किया है। भारतीय जनता पार्टी देश व प्रदेश में वोट लेने के लिए आपसी भाईचारा खराब करने में लगी हुई है। भाजपा भाई को भाई से लड़ने का काम कर रही है। बीजेपी कभी भी महंगाई, बेरोजगारी, खराब कानून व्यवस्था की जो पूरी तरह से चरमराई हुई है उस पर बात नहीं करती। सरकार ने महंगाई बेरोजगारी कम करने की बजाएं १९६६ से लेकर २०१४ तक हरियाणा पर जो कर्ज ७० हजार करोड़ रुपए था उसको ९ साल में मलाई खा-खा कर ४ लाख ५१ हजार ३६८ करोड़ रुपए से ज्यादा जनता पर चढ़ा दिया है।

# कांग्रेस ने मिड-डे-मील के नाम पर शिक्षा को किया खराब: बेनीवाल

बसपा का आरोप

8 कांग्रेस ने सरकारी रेट पर जमीनें खरीद कर बिल्डरों को दी, सीएलयू के नाम पर प्रदेश को लूटा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक में समापन हुआ। हुड्डा के गढ़ में बसपा के हरियाणा पंजाब चंडीगढ़ के केंद्रीय प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मिड-डे-मील के नाम पर शिक्षा को खराब किया। इसके साथ ही



किसानों से सरकारी भाव पर जमीन लेकर बिल्डरों को महंगे भाव पर बेची और सीएलयू के नाम पर प्रदेश को लूटा। पूरे हरियाणा को प्राइवेट कंपनियों के टोल लगवा कर प्रदेश को लूटने की सरकारी योजना बनाई।
सोनीपत के गोहाना से होते हुए बसपा की संकल्प यात्रा रोहतक पहुंची। रोहतक अंबेडकर चौक पर बसपा कार्यकताओं ने संविधान निमार्ता डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके संकल्प यात्रा का समापन किया। यात्रा के समापन पर 15 मार्च को करनाल में ही बसपा संस्थापक कांशीराम के जन्मदिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का न्यौता दिया। बसपा प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती की निदेर्शानुसार राष्ट्रीय को-आर्डिनेटर आकाश आनंद में चली 10 दिवसीय संकल्प यात्रा सरकार की जनविरोधी नीतियों बारे आमजन को अवगत कराया गया। यात्रा के दौरान मिले जनसमर्थन से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, घोटालों के साथ अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

# युवाओं को सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करना जरूरी-जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद

**बीते रविवार** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द सामाजिक मुद्दों को लेकर सर्वजातीय महापंचायत में गोरखपुर जिला फतेहाबाद पहुंचे और पंचायत को संबोधित किया । इस मौके पर समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मोजूद रहे ।
नवीन जयहिंद ने संबोधन में कहा कि आजकल ब्याह शादियों मे अनावश्यक खर्चे हो रहे है। आप देखिए जैसे मुकेश अंबानी जी ने अपने लड़के की शादी में 1500 करोड रुपए खर्च कर दिए, जिसमे की अब तक वह शादी नही है। वह सामाजिक नजरिए से बिल्कुल गलत है। इतने रुपयों से तो जो माता-पिता अपनी जमीन बेच कर अपने बच्चों की शादियाँ करते है उनकी मदद की जा सकती है ।
साथ ही जयहिंद ने कहा जिस देश में 80 करोड लोग 5 किलो अनाज सरकार से लेकर अपना गुजारा कर रहे है उस देश में पैसे को शादी में पानी की तरह बहाना गलत है क्योंकि आज देश में ऐसे-ऐसे लोग है इनको अपने लड़के लड़कियों की शादी के लिए अपना घर, जमीन सब नीलाम करनी पड़ती है जब जाकर वो शादी कर पाते है ।
जयहिंद ने कहा कि गोरखपुर गांव के लोगों ने समाज में जागरूकता और चेतना लाने के लिए आसपास के गांव के साथ मिलकर की इस पंचायत का वे सम्मान करते है क्योकि समाज के युवक और युवतियों में समाज में चल रही बुराइयों और अच्छाइयों को लेकर जागरूकता होनी जरूरी है । उन्हें पता होना चाहिए



कि उनके लिए और समाज के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है ।
नवीन जयहिंद ने पंचायत में उपस्थित युवाओं को जागरूक करते हुए बताया की हमे अपने मां बाप की इज्जत का ख्याल रखते हुए काम करने चाहिए ।
जयहिंद ने आज हो रहे विवाह के मुद्दे पर भी कहा कि वे प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं है और न ही युवाओं को प्रेम विवाहन करने की सलाह दे रहे है । उन्होंने खुद ने प्रेम विवाह किया लेकिन दोनों परिवारों की सहमति और रजामंदी से ।इसी तरह से आज के युवा भी अपने घर -परिवार को ध्यान में रखते हुए कोई कदम उठाये । अन्यथा उसका परिणाम उनके साथ - साथ माँ-बाप को भी भुगतना पड़ता है ।
जयहिंद ने वही युवाओं को सोशल मीडिया के दौर में सावधानी बरतने की सलाह दी ।जयहिंद ने कहा कि आज के युवा में जोश -जुनून है अब ये हमारी भी ज़िम्मेदारी बनती है कि उन्हें सही राह दिखाए ।सोशल मीडिया के दिखावे के बहकावे में ना आये ।
जयहिंद ने एक किस्सा सुनाते हुए बताया की जो युवा पीढ़ी बुराईओ की तरफ अग्रसर हो रही हैं और सारा दिन फेसबुक , इंस्टाग्राम, और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो रिल्स बनाती रहती हैं कुछ युवा साथी हाथो में हथियार लेकर भी रिल्स बनाने पर भी नही डरते हैं जबकि हाथो में हथियार लेकर ऐसा करना गैर कानूनी है । ऐसे बच्चों को जेल की हकीकत जरूर दिखानी चाहिए । कैसा खाना मिलता है और कैसे एक बंद कमरे में कई कैदी रहते है ।
जयहिंद ने नशे पर भी कहा कि आज के युवा दूध -घी के बजाए दारू -चिट्टा , स्मैक और न जाने कितने खतरनाक इंजेक्शन लगा कर अपने शरीर को खत्म कर रहे है । युवाओं को नशे की अंधकारमय दुनिया में जाने शे बचाना होगा ।जयहिंद ने समाज में फैली हुई एक ऐसी कुरीति का भी विरोध किया जब किसी परिवार का कोई सदस्य शरीर छोड़ता हैं तो परिवार मृत्यु भोज का आयोजन करता हैं जिसमे आसपास के गांव तक को न्यौता दिया जाता हैं ।
जयहिंद ने कहा की समाज में फैली हुई इस बुराई का वे भी विरोध करते है। जयहिंद ने कहा कि मैं जाति से ब्राह्मण हू कई बार मुझे भी समाज के कुछ सदस्य कहते हैं की ये परंपरा ब्राह्मणों ने चलाई हुई हैं फिर आप क्यों विरोध करते हो तो जयहिंद ने जवाब देते हुए कहा कि समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करना जरूरी है और समाज में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करना भी समाज सेवा कम नहीं है ।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों की सूची जारी

**पटना: जदयू के** प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों की सूची जारी की। व्यावसायिक एवं शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रभार विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व विधायक मंजीत सिंह, छात्र प्रकोष्ठ का प्रभार पार्टी के प्रदेश महासचिव रंजीत झा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रभार मेजर इकबाल हैदर को दी गई है। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी को पूरा विश्वास है कि नव मनोनीत प्रभारी अपने-अपने प्रकोष्ठ को मजबूत और धारदार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आदेशानुसार संगठन के प्रति समर्पित और अनुभवी पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव मनोनीत प्रकोष्ठ प्रभारियों का लंबा राजनीतिक अनुभव पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगा और हम बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की ऐतिहासिक जीत का लक्ष्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक/उद्योग प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ, छात्र प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हमारी पार्टी का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग है। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में इनकी भागीदारी निर्णायक होने वाली है।

## धार्मिक आस्था से जुड़ी फल्गु नदी प्रदूषण मुक्त होगी: विजय कुमार चौधरी

**पटना/गया:** राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गया परिभ्रमण के दौरान जिला प्रशासन, स्थानीय नगर निकाय एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ फल्गु नदी पर बने रबर डैम का निरीक्षण किया। विजय चौधरी ने समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़ी फल्गु नदी प्रदूषण मुक्त होगी। फल्गु नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए समुचित कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि फल्गु नदी धार्मिक आस्था की नदी है। देशभर के लोग पितरों के पिंडदान और तर्पण के लिए गया पधारते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच के मुताबिक फल्गु नदी में सालों भर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रबर डैम का निर्माण किया गया है।

# भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था: योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन समारोह में 679 करोड़ रुपए की 673 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया**

**योगी मॉडल**

**8 डबल इंजन की सरकार का मतलब है कि विरासत के सम्मान के साथ प्रदेश और देश के विकास करना**





**टीम एक्शन इंडिया**

**देवरिया:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने पर देश के हर व्यक्ति की आय में बढ़ोतरी होगी। इससे लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। सीएम योगी ने कहा पूरा देश विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना चाह रहा है। इसके लिए आम जनमानस के बीच से 'फिर एक बार मोदी सरकार' की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। सीएम योगी रविवार को चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित नारी शक्ति वंदन समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने 679 करोड़ रुपए की 673 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी के पूर्वजों ने अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का सपना देखा था, जो अब पूरा हो चुका है। वहां पर रामलला के आगमन से पांच सदियों का इंतजार समाप्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारें यह कार्य कभी नहीं करवा पाती। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का मतलब है कि विरासत के सम्मान के साथ प्रदेश और देश के विकास करना। सीएम योगी ने कहा कि एक समय देश के अंदर देवरिया की पहचान चीनी के कटोरे के तौर पर होती थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण देवरिया और कुशीनगर पिछड़ते चले गए। यहां की चीनी मिलें बंद हो गईं, पिछली सरकारों ने औने-पौने दाम पर उन्हें बेच दिया। इसका परिणाम रहा की यहां पर गरीबी छा गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने का कार्य किया। साथ ही हमारी सरकार कुशीनगर में बन रहे कृषि विश्विद्यालय का एक कॉलेज देवरिया में शुरू करने जा रही है। प्रकृति, परमात्मा और ऋषि-मुनियों की भूमि अब पिछड़ी नहीं रहेगी।

**डबल इंजन की सरकार में देवरिया को मिला यह लाभ:** सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देवरिया में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 244000 परिवारों को शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत 195000 परिवारों को फ्री गैस कनेक्शन, 1383 मजरों का विद्युतीकरण, 10 लाख 84 हजार लोगों के जनधन अकाउंट खोले गए हैं। उन्होंने कहा की पचास हजार किसानों की कर्ज माफी हुई है। साथ ही पांच लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 6 लाख 71 हजार परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, तो 85000 घरौनी वितरित की गई हैं। सीएम ने बताया की देवरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 17358 गरीबों को आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1389 गरीबों को आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 24000 गरीब परिवारों को आवास दिए गए हैं।

**प्रदर्शनी का किया उद्घाटन:** कार्यक्रम से पहले सीएम योगी ने ओडीओपी उत्पादों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया।

# नक्सली हमसे वीओ से भी कर सकते हैं चर्चा: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**ढाढ़स**

**8 मारे गये भाजपा नेता के घर बीजापुर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर इस दुख के लिए ढाढ़स बंधाया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीजापुर:** उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा (रविवार) नक्सल हत्या की वारदात में मारे गये भाजपा नेता कैलाश नाग के घर बीजापुर पहुंचकर मृतक कैलाश नाग के पिता एवं परिजनों से मुलाकात कर इस दुख के लिए ढाढ़स बंधाया और अपनी श्रद्धांजली अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, वन मंत्री केदार कश्यप, संगठन मंत्री पवन साय और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा मौजूद थे। विदित हो कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरीपानी के वन क्षेत्र में 06 मार्च को नक्सलियों ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से भाजपा नेता व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग की निर्मम हत्या कर दी थी। साथ ही वन विभाग द्वारा तालाब निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया था। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा की सरकार नक्सलियों से बात करने के लिए तैयार है, नक्सली हमसे वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग (वीओ) से भी चर्चा कर सकते है। उन्होने कहा कि नौजवान युवाओं को नक्सलियों ने बहला फुसला कर अपने संगठन में शामिल कर लिया है, जो कि गलत है। हमारी सरकार की एक ही सोच है कि गांव-गांव तक विकास हो लोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके। वहीं भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सली जिस तरह भाजपा नेताओं की हत्या को अंजाम दे रहे है वह निंदनीय है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 45 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**मुंबई:** नवी मुंबई में एक व्यक्ति से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में निवेश का लालच देकर लगभग 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। नवी मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में तीन आरोपितों और दो फर्मों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साइबर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने रविवार को मीडिया को बताया कि नवी मुंबई के नेरुल निवासी 49 वर्षीय व्यक्ति को आरोपितों ने इस साल 5 फरवरी से मार्च के बीच 44.72 लाख रुपये का निवेश करवाया।

# चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा भारत : राजनाथ

**2014 में जहां इस देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहीं आज उनकी संख्या दो गुनी से अधिक होकर 149 तक पहुंच गई है: राजनाथ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ में आयोजित समारोह के दौरान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल-3 का आभासी माध्यम से लोकार्पण किया। लखनऊ में मौजूद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लखनऊ के साथ-साथ पूरा भारत दिन दूनी रात चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में जहां इस देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहीं आज उनकी संख्या दो गुनी से अधिक होकर 149 तक पहुंच गई है। पहले यह माना जाता था कि एयरपोर्ट या हवाई यात्रा यह सब उच्च वर्ग के लिए ही है, आम आदमी तो इसमें चल ही नहीं सकता। हवाई यात्रा, गरीब और अमीर के बीच एक खाई के रूप में काम करती थी। हमने उस खाई को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ान के माध्यम से पाट दिया है। यही चीज आप इंटरनेट कनेक्टविटी में भी देख सकते हैं।

## 2018 से लेकर 2023-24 तक 2.57 लाख आवासों का आवंटन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2018-19 से लेकर 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया जा चुका है। खास बात यह है कि योजना के अंतर्गत खासतौर पर पिछड़ी जातियों का विशेष ध्यान रखा गया है। बड़ी संख्या में मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े प्रदेश भर के कर्मचारी 11 व 12 को रहेंगे हड़ताल पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** एमएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) से जुड़े तमाम संविदा कर्मचारी 11 व 12 मार्च को ऑनलाइन रिपोर्टिंग ठप (डिजिटल स्ट्राइक) पर रहेंगे। संगठन के जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए वर्ष 2018 से अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार और उनके अधिकारियों की उदासीनता के कारण संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि नहीं की जा रही है। वेतन वृद्धि न होने से संविदा कर्मचारियों में बहुत रोष है । वेतन विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के आवाह्न पर प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को गत फरवरी माह में अपनी पीड़ा से पत्र भेज कर अवगत कराया था लेकिन कोई समुचित कार्रवाई न होने के कारण ,प्रदेश संगठन के आव्हान पर आगामी दिनांक 11 और 12 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश में ऑनलाइन रिपोर्टिंग ठप (डिजिटल स्ट्राइक) करने का निर्णय लिया गया है । जिसके अनुपालन में जनपद गाजियाबाद के कर्मचारियों द्वारा भी जनहित और राष्ट्रीय हित में अपने ड्युटी स्थल पर मरीजो की जांच ,इलाज और दवा देने का कार्य तो किया जाएगा परंतु अपनी उचित मांगों के निराकरण के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग का कार्य आगामी दो देशों की में नहीं किया जाएगा।

# मैसूर: 22 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का नितिन गडकरी ने किया उद्घाटन-शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कर्नाटक के मैसूर में कुल 268 किलोमीटर लंबी और 4,000 करोड़ से रुपये अधिक लागत की 22 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मंत्रालय के अनुसार विशेष रूप से, हुलियार-केबी क्रॉस-चुंचनहल्ली-नेल्लीगेरे रोड जैसी पहल का उद्देश्य मैसूरु और उत्तरी कर्नाटक के बीच परिवहन-संपर्क सुविधा को बढ़ाना है। सर्विस रोड और आरयूबीएस के साथ मैसूरु रिंग रोड शहर की भीड़ को कम करेगा और निर्बाध यातायात प्रवाह सुनिश्चित करेगा। हंगरहल्ली और होलेनरासीपुर बाईपास पर आरओबी की स्थापना के साथ बेलूर-हासन और येडेगौड़ानहल्ली-बिलिकेरे सड़क के 4-लेन विस्तार से यात्रा की अवधि में 2 घंटे की उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। दरअसल, सुव्यवस्थित शहरी नियोजन की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करते हुए लक्ष्मणतीर्थ नदी पर प्रमुख पुल के निर्माण से हुनसूर शहर में भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में पीएम ने शुरू की महतारी वंदन योजना




**किस्त**

**8 महिलाओं को सालाना 12 हजार यानी हर महीने एक हजार रुपये मिलने वाली राशि की पहली किस्त जारी की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होली से पहले छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं को बड़ी सौगत दी है। रविवार को प्रधानमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को सालाना 12 हजार यानी हर महीने एक हजार रुपये मिलने वाली राशि की पहली किस्त जारी की। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और एक बटन दबाकर छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत पहली किस्त जारी की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जय जोहार के साथ अपना उद्बोधन की शुरू किया। प्रधानमंत्री ने दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी, डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी और मां महामाया को आदरपूर्वक प्रणाम करने के साथ छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को प्रणाम किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह पहले मैंने छत्तीसगढ़ प्रदेश में 35 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया था। आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली महतारी वंदन योजना को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना में माताओं व बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा सरकार ने पूरा किया। इस योजना के तहत महिलाओं को छह सौ पचपन करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में महतारी वंदन योजना का वादा पूरा करने के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी टीम को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी। हमने गारंटी दी थी कि 18 लाख पक्के घर का निर्माण करेंगे।

## सीएम भजनलाल की कोरोना रिपोर्ट आई निगेटिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है। सीएम भजनलाल ने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर खुद यह जानकारी दी है। गत छह मार्च को सीएम भजनलाल कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। जिसकी जानकारी भी खुद सीएम ने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दी थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोरोना रिपोर्ट को लेकर जानकारी देते हुए एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर लिखा कि 'आज स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्रभु की अनुकंपा, चिकित्सकों की देखरेख व राजस्थान परिवार की शुभेच्छा से मेरी कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आई है।'

# मुरादाबाद का एअरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा : जितिन प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** मुरादाबाद का एअरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। इससे पीतलनगरी के निर्यात को भी उड़ान भरने में सहूलियत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर हमारा देश अग्रसर हो रहा है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री व मुरादाबाद जनपद के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने मुरादाबाद में एयरपोर्ट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि कहीं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजमगढ़ से वर्चुअली रूप में उत्तर प्रदेश के 5 नए हवाई अड्डों का लोकार्पण किया, जिसमें मुरादाबाद, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती व अलीगढ़ के एयरपोर्ट शामिल हैं। मुरादाबाद से 19 सीटर डीएचसी-6 सीरिज 400 विमान उड़ान भरेगा। जितिन प्रसाद ने कहा कि यह सुरक्षा, सुशासन, विकास मोदी-योगी सरकार का लक्ष्य है। मुरादाबाद को सरकारी विश्वविद्यालय के बाद एयरपोर्ट भी मिल गया।

# राजस्थान: 25 से अधिक कांग्रेस दिग्गज भाजपा में शामिल

**हाथ थामा**

**8 पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादवने भाजपा का हाथ थामा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान में रविवार को तीन पूर्व मंत्रियों समेत पच्चीस से अधिक कांग्रेस के दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी और पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव के अलावा सचिन पायलट के समर्थक रहे पूर्व मंत्री खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा का हाथ थामा। इसके अलावा नागौर के कद्दावर जाट नेता और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा ने भी भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया। लोकसभा चुनावों से पहले राजस्थान कांग्रेस के पच्चीस के अधिक दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हुए।

**शिलान्यास** वर्ष 2019 में भी हमने शिलान्यास किए थे, वे चुनाव के लिए नहीं किए। उसका हम लोकार्पण कर चुके हैं: पीएम

# पीएम ने ग्वालियर-जबलपुर एयर टर्मिनल भवनों का भी किया लोकार्पण

**विकास कार्य**

**8 ग्वालियर का विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट सिर्फ 16 महीने में बनकर तैयार हुआ है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से मध्य प्रदेश के ग्वालियर और जबलपुर में नवनिर्मित एयर टर्मिनल भवनों का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस मौके पर देशभर के 15 एयरपोर्टों के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। ग्वालियर का विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट सिर्फ 16 महीने में बनकर तैयार हुआ है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी दिल्ली में नवनिर्मित विश्व के दूसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट सहित 9811 करोड़ लागत की 15 हवाई अड्डा परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें लगभग 498 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट के भव्य टर्मिनल भवन और लगभग 450 करोड़ की लागत से निर्मित जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का लोकार्पण भी किया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के मौसम में पहले की सरकार में बैठे लोग लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए घोषणाएं कर देते थे। साथ ही सांसद में भी रेलवे की नई घोषणाएं कर देते थे। आज देश देख रहा है मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। वर्ष 2019 में भी हमने शिलान्यास किए थे, वे चुनाव के लिए नहीं किए। उसका हम लोकार्पण कर चुके हैं। ये विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेजी से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। इस अवसर पर ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर व उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि आज देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, जिन्होंने देश का झंडा देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं, चांद पर ही गाड़ कर रख दिया है। उन्होंने बताया कि उप्र में छह, मप्र में दो, महाराष्ट्र में दो, कर्नाटक में दो, आंध्र प्रदेश में एक, पंजाब में एक और दिल्ली में एक कुल 15 एयरपोर्ट टर्मिनल का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया।